## एक नजर

### सवारी भरने के विवाद में टेंपो चालक का सिर फोड़ा

**कानपुर।** रामादेवी चौराहा पर सवारी भरने को लेकर दो टेंपो चालकों में विवाद हो गया। एक चालक ने सिर पर लोहे की रॉड मारकर घायल कर दिया। चकेरी के नेताजीनगर निवासी 38 वर्षीय अजय सिंह चालक है। उसने बताया कि वह टेंपो में सवारियां बैठा रहा था, तभी दूसरा चालक उनकी सवारियों को अपनी टेंपो में बैठाने लगा। विरोध करने पर सिर में लोहे की रॉड मारकर घायल कर दिया।

### ऑनलाइन योग

**कानपुर।** एचबीटीयू में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से 21 दिन योग चैलेंज की शुरुआत की गई। यह योग चैलेंज ऑनलाइन है। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर दिप्तीक परमार ने की। इस दौरान प्रोफेसर सीएन सिंह, हेड ईईडी भी मौजूद रहे। सत्र ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सुबह 6 बजे शुरू हुआ। जिसमें छात्रों, शोधार्थियों और संकाय सदस्य शामिल हुए।

# जीके के प्रश्न देख खिला चेहरा, सब्जेक्टिव रहा कठिन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**13** परीक्षा केंद्रों में बीएड प्रवेश परीक्षा हुई

- शहर में 5202 युवाओं ने दी बीएड प्रवेश परीक्षा, 821 रहे गैर हाजिर
- परीक्षार्थियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच केंद्रों पर दिया गया प्रवेश

**अमृत विचार।** शहर में 7 स्थानों के 13 परीक्षा केंद्रों में रविवार को बीएड प्रवेश परीक्षा आयोजित हुई। दो पालियों में परीक्षा के दौरान जीके के प्रश्नों से परीक्षार्थी खुश हुए जबकि सब्जेक्टिव प्रश्नों को हल करने में कठिनाई सामने आई। परीक्षा में 5202 परीक्षार्थी उपस्थित हुए जबकि 821 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

दो पालियों में हुई परीक्षा में सुबह परीक्षार्थियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच केंद्र में प्रवेश दिया गया। परीक्षा देकर लौटे परीक्षार्थियों ने बताया कि पहली पाली में जीके का प्रश्न पत्र आसान रहा। खासतौर पर संविधान से जुड़े प्रश्नों ने समय बचाया। इसी तरह भूगोल और इतिहास के प्रश्न थोड़े कठिन रहे लेकिन हल हो गए। इसके बाद दूसरी पाली में सब्जेक्टिव के प्रश्न कठिन रहे। प्रश्नों को हल करने में काफी समय लगा। प्रश्न पूछने का तरीका उलझा देने वाला रहा। कुछ परीक्षार्थियों ने बताया कि पूर्व के प्रश्न पत्रों में कठिन हिंदी के शब्दों के सामने अंग्रेजी का अनुवाद रहता था। इस बार प्रश्न पत्र में वह दिखाई नहीं दिया। इससे प्रश्न को समझने में समस्या हुई।



परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी। अमृत विचार



पहली पाली में प्रश्न आसान रहे, लेकिन सब्जेक्टिव काफी कठिन रहा। पेपर पूरा हल किया है। उम्मीद है कि बेहतर रैंक आएगी। मैं फतेहपुर से यहां पेपर देने आया हूं। गर्मी के अलावा किसी तरह की कोई समस्या नहीं हुई है। परीक्षा केंद्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। –आनंद पटेल, परीक्षार्थी



पेपर देने में किसी तरह की समस्या सामने नहीं आई। परीक्षा केंद्र में भी बेहतर व्यवस्था रही। प्रश्न पत्र सामान्य रहा। सभी प्रश्न पढ़े हुए आए। पेपर का फॉर्मेट थोड़ा बदला हुआ था। कठिन हिंदी का अंग्रेजी अनुवाद कई सब्जेक्टिव प्रश्नों में नहीं था। – वैष्णवी शर्मा



पेपर का फॉर्मेट पिछली परीक्षा के मुकाबले थोड़ा अलग रहा। जिसने पूरे साल तैयारी की है उसके लिए प्रश्न पत्र कठिन नहीं रहा। प्रश्न पूछने का तरीका थोड़ा उलझाऊ था उसे समझने में समय लगा। कुछ प्रश्नों को हल करने में जल्दबाजी रही। –ब्रहस्पति बघेल



जीके का प्रश्न पत्र बहुत सरल था। सब्जेक्टिव प्रश्न पत्र को हल करने में थोड़ी कठिनाई सामने आई। कोई असुविधा नहीं हुई। सभी व्यवस्था बेहतर रही। बेहतर परीक्षा होने के बाद अब बेहतर परीक्षा परिणाम की उम्मीद कर रहा हूं। – अमित कुमार

# मंधना में 22 हजार आवासों की योजना बढ़ेगी आगे

## किसानों से मांगों का ब्योरा लेंगे आवास विकास परिषद के अफसर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- योजना संख्या चार और पांच के लिए अधिसूचना जारी करा चुका है परिषद
- दोनों योजनाओं की बाधाएं दूर करने को किसानों से संवाद के शुरू हुए प्रयास

**22** हजार प्लाट काटे जाएंगे दो योजनाओं में

### योजना संख्या चार में मानी जा सकती किसानों की मांग

- चार जून को जनप्रतिनिधियों के साथ होने वाली बैठक के बाद किसानों के साथ परिषद के अधिकारी बैठक करेंगे और उनकी मांगों का ब्योरा तैयार कर शासन को भेजेंगे। उन्हें बताया जाएगा कि योजना संख्या चार के किसानों को चार गुना मुआवजा मिलेगा यह सर्किल रेट या बाजार रेट में जो अधिक होगा उसका चार गुना होगा।

**अमृत विचार।** आवास विकास परिषद की मंधना में दो बड़ी परियोजनाएं योजना संख्या चार और पांच किसानों के विरोध की वजह से वर्षों से लटकी पड़ी हैं। अब प्रबंधन की कोशिश है कि जनप्रतिनिधियों के सहयोग से किसानों को मनाया जाए, ताकि मुआवजे को लेकर चल रहा विवाद खत्म हो और भूमि पर कब्जा लेकर दोनों योजनाओं को लांच किया जा सके। दोनों योजनाओं में 22 हजार प्लाट काटे जाने हैं। इसके लिए कुल 597.44 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण होना है। अधिसूचना जारी है, लेकिन किसान चाहते हैं कि उन्हें बाजार दर या सर्किल रेट में जो अधिक हो उसका चार गुना मुआवजा दिया जाए। पिछले साल आवास विकास परिषद की 26 वीं बोर्ड बैठक में तय हुआ था कि योजना संख्या चार के किसानों को चार गुना मुआवजा दिया जाएगा।

परिषद ने मंधना से बिठूर जाने वाले मार्ग पर वर्ष 2009 में भूमि अधिग्रहण के लिए कवायद शुरू की थी। योजना संख्या-4 और 5 के लिए किसानों से आपसी सुलह समझौते के आधार पर भूमि का बैनामा कराने का प्रयास किया गया। लेकिन इसी बीच कुछ बिल्डरों ने किसानों से मुंह मांगी कीमत पर भूखंड के सौदे शुरू कर दिए। इससे किसानों को लगा कि उन्हें अधिग्रहण के मुआवजे की अपेक्षा बिल्डरों को भूमि बेचने में ज्यादा फायदा है। उन्होंने अधिग्रहण का विरोध शुरू किया। अधिसूचना के बाद भी तमाम किसानों ने भूमि बेच दी और वहां इमारतें खड़ी हो गईं। नियमतः भूमि की खरीद-बिक्री नहीं हो सकती।

### योजना संख्या-चार में 273.71 हेक्टेयर भूमि

योजना संख्या चार में बगदौधी बांगर, बगदौधी कछार, पेम, बिरतियान बिठूर गांव की 273.71 हेक्टेयर भूमि शामिल है।

### योजना संख्या पांच में 323.73 हेक्टेयर भूमि

योजना संख्या पांच में बगदौधी कछार, बैकुंठपुर, गंभीरपुर कछार आदि गांवों की 323.73 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की अधिसूचना जारी कराई गई थी।

# पत्नी से झगड़कर युवक ने फांसी लगा दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- घर पर अकेला था मेडिकल स्टोर संचालक

**अमृत विचार।** पत्नी से कहासुनी के बाद मेडिकल स्टोर संचालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो घरवालों को चिंता हुई। काफी देर तक दरवाजा पीटने के बाद पनकी पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो फंदे से शव लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया।



कल्याणपुर के आवास विकास निवासी रामबाबू कमल ऑर्डिनेंस से सेवानिवृत्त हैं। उन्होंने बताया कि उनका 42 वर्षीय बेटा अरुण कुमार पनकी के गंगागंज वाले मकान में मेडिकल स्टोर किए था। दो दिन पहले ही अरुण की पत्नी शिवकांती, बच्चे शुभ और ईशू के साथ आवास विकास वाले घर पर आई थीं। परिजनों ने बताया कि शनिवार को किसी बात को लेकर उनके बीच झगड़ा हुआ था। जिसके बाद शनिवार रात उसने देर रात दुपट्टे से फांसी लगा ली। रविवार सुबह अरुण का फोन नहीं उठा तो वह मिलने पहुंचे। काफी देर तक दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इस पर पनकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा को अरूण का शव फंदे से लटका था। पुलिस ने शव उतारा और पूछताछ की। पिता के अनुसार चार माह पहले बड़े बेटे नीरज की बीमारी से मौत हो गई थी। पनकी इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह ने बताया कि पत्नी से झगड़कर युवक ने जान दी है। जांच की जा रही है।

### पत्नी से झगड़कर युवक ने की खुदकुशी

**कानपुर।** फजलगंज में युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। किसी महिला मित्र से फोन पर बातचीत होने के संदेह में पत्नी से कलह होती थी। जिसके चलते युवक ने यह कदम उठाया। दर्शनपुरवा निवासी राकेश यादव का 25 वर्षीय बेटा विपिन वैन चालक था। फूफा महेंद्र ने बताया कि शनिवार शाम उसने पंखे के कुंडे से दुपट्टा बांधकर फांसी लगाई है। इस दौरान मां मालती और बहन सपना बाहर गई थी। उन्होंने बताया कि पत्नी प्रियंका को विपिन का दूसरी महिला से बातचीत व संबंध होने का संदेह था। जिस कारण उनके बीच आएदिन कलह होती थी। शनिवार को भी झगड़ा हुआ। इसके बाद विपिन ने फांसी लगा ली। विपिन के डेढ़ साल का बेटा शिव है। फजलगंज इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि घरेलू कलह के कारण युवक ने जान दी है। जांच की जा रही है।

# रिटायर पीएफ कर्मियों की पत्नी को भी मिले कैशलेस इलाज




ईपीएफ स्टाफ पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक में मौजूद सदस्य।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ईपीएफ स्टाफ पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक

**अमृत विचार।** पीएफ के रिटायर कर्मी के परिचय-पत्र में सिर्फ कर्मी की फोटो लगी होती है। जब कभी कर्मी की पत्नी को इलाज की जरूरत होती है तो कार्यालय से लिखवाना पड़ता है जिससे रिटायर कर्मी परेशान होते हैं। ऐसे में अब ये तैयारी की जा रही है कि रिटायरमेंट के दौरान कर्मी के पत्नी की भी फोटो और पीछे पूरे परिवार का विवरण अंकित रहे।

रविवार को ईपीएफ स्टाफ पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश रीजन कानपुर की बैठक संगठन के उपाध्यक्ष बी एल अवस्थी की अध्यक्षता में काकादेव में हुई। एसोसिएशन के महामंत्री राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि कर्मचारी की सबसे बड़ी डिमांड कैशलेस इलाज की थी जिसे अथक प्रयासों के बाद पूरे प्रदेश में निजी हॉस्पिटल में ये सुविधा प्रदान कराई गई लेकिन फिर भी अभी कुछ हॉस्पिटल शेष हैं जिनमें भी ये सुविधा प्रदान कराई जाएगी। उन्होंने कहा रिटायर कर्मचारियों के परिचयपत्र में उनकी पत्नी के साथ संयुक्त फोटो जारी करना है इसके लिए प्रशासन को वेस्ट बंगाल में जारी आई कार्ड की प्रति उपलब्ध कराई जा चुकी है। बैठक में तय हुआ है कि 90 वर्ष आयु के रिटायर कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऑल इंडिया इम्पलाइज पेंशनर्स महासंघ एवं पेंशनर्स फोरम के साथ मिलकर रिटायर कर्मचारियों को कई लाभ दिलाने के लिए प्रधानमंत्री को कानपुर के जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया है। अध्यक्षता बीएल अवस्थी ने की। महासंघ के दो दशक तक महामंत्री रहे सत्यदेव शर्मा को श्रद्धांजलि दी गई। संस्था के उपाध्यक्ष उमेश कुमार शुक्ला को सम्मानित किया गया। विजय गुप्ता, केके शुक्ला, उमेश कुमार शुक्ला. एचके. सिंह, आरती कनौजिया, बजरंगी, सुशील तिवारी, अमित सिंह, आरएस मिश्रा आदि रहे।



शिलान्यास करते एमएलसी अरुण पाठक। अमृत विचार

### झूलेलाल गायत्री वाटिका का शिलान्यास पूजन

**कानपुर।** बर्रा 3 स्थित झूलेलाल गायत्री वाटिका का एमएलसी अरुण पाठक ने वैदिक मंत्रों के साथ शिलान्यास पूजन किया। एमएलसी की निधि से यह कार्य एक माह में पूरा किया जाएगा। एमएलसी ने आह्वान किया कि जिन स्नातक छात्र-छात्राओं के नाम मतदाता सूची में नहीं हैं, वे अपनी मार्कशीट, फोटो मनीष वसंदानी, रमेश सिंहवानी के पास जमा करा दें। मनीष वसंदानी, अशोक अगनानी, उमेश कुमार बाजपेई, मनीष गोकलानी, नीलेश गोकलानी, संजय फुलवानी, एसके. हजेला, राहुल गौड़, सक्षम हजेला दीपक अंशवानी, सुरेश रतनानी, सतीश रोचलान, मनोज मेघानी आदि रहे।

# सात बुजुर्गों ने देह की वसीयत देश के नाम की

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- देहदान अभियान के तहत देहदान शपथ समारोह

**अमृत विचार।** बिठूर, लवकुश नगर स्थित आरोहम हैप्पीनेस होम में रविवार को देहदान अभियान प्रमुख मनोज सेंगर व महासचिव माधवी सेंगर ने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। मनोज सेंगर ने मौजूद लोगों को देहदान व अंगदान के फायदे बताए, जिससे प्रभावित होकर आरोहम हैप्पीनेस होम में रह रहे सात बुजुर्गों ने राष्ट्र देवो भव के उदघोष के साथ अपनी देह की वसीयत देश के नाम करने की घोषणा की, अपनी देह की वसीयत देश के नाम करने वाले इन वरिष्ठजनों को देहदान अभियान प्रमुख ने अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देते हुए सम्मानित किया। पालीवाल डायग्नोस्टिक्स निदेशक




बुजुर्गों ने देहदान का संकल्प लिया। अमृत विचार

डॉ. उमेश पालीवाल ने कहा कि देहदान इस सदी का सर्वश्रेष्ठ दान है, दान की गई मानव देह पर अनुसंधान एवं शोध कर विभिन्न बीमारियों के उपचार तलाशे जाते है। मुकेश पालीवाल ने देहदानी स्व. विजयपाल जैन की बेटी डॉ.अनुपम जैन को अंगवस्त्र देकर उनका अभिनंदन किया। उमेश पालीवाल ने बताया कि देहदान से चिकित्सा विज्ञान में नई तकनीकों और उपचारों का विकास हो सकता है। शोध के लिए मानव शरीर की आवश्यकता होती है ताकि बीमारियों के कारणों और इलाज के तरीकों को बेहतर तरीके से समझा जा सके। जिसका लाभ मरीजों को मिलता है और वह जल्द स्वस्थ होते हैं।

देहदान अभियान प्रमुख मनोज सेंगर ने बताया कि आरोहम हैप्पीनेस होम में ऊषा गुप्ता, कपिल रस्तोगी, सपना धर, विजय श्रीवास्तव, अलका भट्टाचार्य, सुनील गुप्ता व पी लक्ष्मी ने देहदान का संकल्प लिया है। अपील है कि देहदान संकल्प कोई भी स्वस्थ व बालिग व्यक्ति कर सकता है, इसके लिए इस नंबर 9839161790 पर संपर्क कर सकते हैं और देहदान संकल्पपत्र निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।

## सार-संक्षेप

### मोटेराम का सत्याग्रह नाटक लोकप्रिय हुआ

**कानपुर।** मुंशी प्रेमचंद की 5 से 6 पेज की छोटी सी कहानी को सफदर हाशमी ने नाटक का रूप दिया। स्क्रिप्ट पर काम चल ही रहा था कि एक हादसे में उनका निधन हो गया। इसके बाद प्रसिद्ध रंगकर्मी हबीब तनवीर ने इस नाटक में लोकनाट्य शैली के कुछ खूबसूरत गीत लिखे और इसे पूरा किया। यह जानकारी रविवार को भारतेन्दु नाट्य अकादमी लखनऊ व अनुकृति रंगमंडल कानपुर की ओर से आयोजित प्रशिक्षण में डा. ओमेन्द्र कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि इप्टा मुंबई ने इस नाटक मोटेराम का सत्याग्रह के 50 से अधिक शो देश भर में किये। एमएस सथ्यू के निर्देशित इस नाटक में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता अंजन श्रीवास्तव मोटेराम शास्त्री और सुधीर पांडेय वायसराय का किरदार निभाते थे। 2007 में लखनऊ में इसे देखा तो स्क्रिप्ट काफी दमदार लगी। फिर अनुकृति कानपुर ने इसके करीब 30 सफल मंचन किये। स्क्रिप्ट की रीडिंग के दौरान बताया गया कि मोटेराम में नौटंकी शैली को बतौर म्यूजिकल एलीमेंट किस तरह शानदार ढंग से इस्तेमाल किया गया है। प्रशिक्षणार्थी वंदना तिवारी द्वारा किए गए प्रश्न आर्ट और समानांतर सिनेमा में अंतर को स्पष्ट करते हुए उन्होंने बताया कि 70 के दशक में एक बहस छिड़ी और इसे समानांतर सिनेमा का नाम दिया गया। व्यावसायिक सिनेमा का उद्देश्य पैसा बनाना है जबकि आर्ट सिनेमा का उद्देश्य अच्छे कॉन्टेंट के साथ जनता तक कुछ संदेश पहुंचाना होता है। वॉइस, फिजिकल और फेस एक्सरसाइज करायी और अभिनय में इसके महत्व की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान सम्राट यादव, दीपिका सिंह, संध्या सिंह, राम गोपाल, जिज्ञासा शुक्ला, आकाश शर्मा, शांति गुप्ता, वंदना बाजपेई, दीपक वर्मा, भारती मौजूद रहे।

**नई पहल** इसी माह बनेगी कार्ययोजना, आईटीआई तथा औद्योगिक संगठन करेंगे मंथन

# उद्योगों के अनुरूप कुशल-दक्ष बनेंगे प्रशिक्षु

**खास खबर**

राजीव त्रिवेदी, कानपुर

**अमृत विचार।** युवाओं को औद्योगिक मांग के अनुरूप कुशल और दक्ष बनाने की योजना पर इसी माह काम शुरू होगा। जल्दी ही आईटीआई और औद्योगिक संगठनों के बीच कौशल विकास को लेकर बैठक होगी। औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों के पैनल के लिए आईआईटी की ओर से उद्योग विभाग को पत्र भेजा गया है।

शहर में लंबे समय से उद्यमी इंडस्ट्री बेस्ड स्किल वाले युवाओं के नियोजन की मांग कर रहे हैं। हाल ही में शहर आए नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी के समक्ष भी औद्योगिक संगठनों के सदस्यों ने इस बारे में नीति बनाने पर जोर दिया था। इसी के बाद नीति आयोग के सदस्य ने औद्योगिक संगठनों और आईटीआई के बीच सामंजस्य विकसित करने के लिए निर्देशित किया था। अब जून के अंतिम सप्ताह में इस विषय पर पहली बैठक प्रस्तावित की गई है। बैठक में आईटीआई अधिकारी और औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी मिलकर उद्योग की मांग के अनुसार युवाओं को तैयार किए जाने की योजना को अंतिम रूप देंगे। आईटीआई पांडु नगर के प्रधानाचार्य हरीश मिश्रा ने बताया कि बैठक के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं।

### प्रशिक्षुओं को फैक्ट्रियों में काम का तौर-तरीका बताएंगे उद्यमी

- आईआईटी पहुंचकर शहर के बड़े उद्यमी प्रशिक्षुओं की कक्षाएं लेंगे। इसके लिए संस्थान की ओर से उद्यमियों के नामों का पैनल बनाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक नए सत्र से कक्षाओं में यह व्यवस्था शुरू की जाएगी। विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण ले रहे युवाओं को उद्यमी औद्योगिक इकाइयों में कार्य करने के तौर-तरीके बताएंगे। इसके साथ ही अपना स्किल बढ़ाने के लिए प्रशिक्षु औद्योगिक इकाइयों में जाकर वहां की कार्य प्रणाली भी देखेंगे। हर माह संस्थान के युवाओं का शहर की एक औद्योगिक इकाई में शैक्षणिक भ्रमण कराया जाएगा।

### 6715 युवाओं को मिला एक साल में रोजगार

- सेवायोजन विभाग के रोजगार मेलों के आंकड़ों के मुताबिक पिछले वित्तीय वर्ष में 6,715 युवाओं को रोजगार हासिल हुआ है। उद्यमियों का मानना है औद्योगिक इकाइयों में प्रशिक्षित युवा तो नौकरी मांगने आते हैं लेकिन स्किल न होने के कारण रोजगार से दूर हो जाते हैं।

# ट्रक की टक्कर से टेंपो के चालक की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महाराजपुर में ड्योढ़ीघाट मोड़ पर तड़के हुआ हादसा

**अमृत विचार।** महाराजपुर में तेज रफ्तार ट्रक ने टेंपो में टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो चालक और चार यात्री घायल हो गए। चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को कांशीराम में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने चालक को मृत घोषित कर दिया।

सरसौल के खरौटी निवासी 52 वर्षीय विनय साहू रामादेवी से घंटाघर के बीच टेंपो चलाते थे। परिवार में पत्नी उर्मिला, बेटे गोलू, सत्यम और बेटी गुड़िया हैं। परिजनों ने बताया कि रविवार तड़के विनय टेंपो लेकर रामादेवी जा रहे थे, तभी ड्योढ़ीघाट मोड़ पर तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे विनय साहू के साथ यात्री सुरेंद्र कनौजिया, राजेश समेत चार लोग घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने सभी को कांशीराम ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। जहां उपचार के बाद यात्रियों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वहीं विनय साहू की हालत बिगड़ी गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। महाराजपुर थाना प्रभारी संजय कुमार पांडेय ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

### सूचना

सूच्य हो कि आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड में पॉलिसी संख्या 13071261 में मेरा नाम YOGESH KUMAR YADAV S/O SHIV PRAKASH लिखा हुआ है। जबकि अन्य अभिलेखों में YOGESH S/O SHIV PRASAD लिखा है। यह दोनों मेरे एक ही व्यक्ति के नाम है और मुझे दोनों नाम से जाना पहचाना और समझा जाता है। YOGESH S/O SHIV PRASAD R/O LALAU KHEDA, DEEH, UNNAO, UP-209801

### सूचना

मैंने अपना नाम धर्मेश कालड़ा पुत्र श्याम सुंदर से बदलकर राधव कुमार पुत्र श्याम सुंदर कर लिया है। भविष्य में मुझे राधव कुमार के नाम से ही जाना और पहचाना जाए। **राधव कुमार पुत्र श्याम सुंदर निवासी 5 ई-40 बी.पी. थर्ड फ्लोर सूर्या हॉस्पिटल के पास फरीदाबाद हरियाणा।**

### सूचना

सूचित हो कि कुन्दन पुत्र बुधई के छह बेटे हैं। जिसमें पुत्र लक्ष्मन और बहू शकुंतला परिवार के लोगों को प्रताड़ित कर रहे हैं। साथ ही परिवार के काम में कोई सहयोग नहीं कर रहे हैं। लक्ष्मन और शकुंतला का चाल चलन भी ठीक नहीं है। जिसके चलते बेटे व बहू को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। अब दोनों के द्वारा किए गए कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। परिवार के लोगों से कोई लेना देना नहीं है। **कुन्दन पुत्र बुधई निवासी ग्राम तप्पेसिपाह मथुरापुरवा थाना जरवल रोड बहराइच।**

### सूचना

मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश Versh Trivedi (वर्षा त्रिवेदी) नाम दर्ज हो गया था। जबकि सही नाम varsha (वर्षा) हैं जोकि अन्य सभी अभिलेखों में दर्ज है। भविष्य में उसे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। **विवेक कुमार त्रिवेदी निवासी - ग्रा. एकडला, विजुआमऊ पो. लालपुर कमलापुर सीतापुर**

नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
• आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
• डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
• पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
• नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढ़ी नाक, टॉन्सिल्स)
• हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

### आज का मौसम

बादल छाए रहने के साथ बूंदाबांदी होने की संभावना है। उमस भरी गर्मी के आसार हैं।

| 37.0° अधिकतम तापमान | 30.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05 : 16 | सूर्यास्त 06 : 58 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# सब्जी-फल भेजे जाएंगे बेंगलुरू, मुंबई व हैदराबाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सोमवार से चकेरी एयरपोर्ट पर कार्गो सेवा के लिए माल की बुकिंग शुरू हो जाएगी। व्यापारियों-कारोबारियों के लिए माल की बुकिंग का समय प्रातः छह से आठ बजे तक तय किया गया है। माना जा रहा है कि कार्गो सेवा से सबसे बड़ी सहूलियत कच्चा माल भेजने में मिलेगी। फल, दूध, सब्जी व अन्य कच्ची खाद्य सामग्री कुछ घंटों में ही देश के किसी भी हिस्से में पहुंच जाएगी। कनपुरिया स्वाद बेंगलुरू, मुंबई व हैदराबाद जैसे शहरों में धमक बनाएगा। एयरपोर्ट से कई शहरों के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो एयरलाइंस ने अब माल भेजने की सुविधा भी शुरू की है। माल की बुकिंग का लोड देखकर कंपनी ने कानपुर से विशेष कार्गो विमान के संचालन पर की भी योजना बनाई है। कानपुर एयरपोर्ट पर अभी माल का कोई गोदाम उपलब्ध नहीं है, ऐसे में माल की बुकिंग जिस दिन माल जाना है, उसी दिन की जाएगी। यदि माल ज्यादा हो गया तो फिर दूसरे दिन बुकिंग की जाएगी। कानपुर से दिल्ली, मुंबई के लिए प्रतिदिन उड़ान है जबकि हैदराबाद, बेंगलुरु के लिए सप्ताह में तीन से चार दिन उड़ान है।



- चकेरी एयरपोर्ट पर आज से शुरू होगी इंडिगो की कार्गो बुकिंग सेवा
- व्यापारियों और कारोबारियों को बाहर माल भेजने में मिली राहत
- जरूरी वस्तुएं अब कुछ ही घंटों के भीतर देश के हर हिस्से में पहुंचेंगी
- माल बुकिंग का लोड देखकर कंपनी विशेष कार्गो विमान चलाएगी

**लेदर इंडस्ट्री को मिलेगा सबसे ज्यादा लाभ**

- एयरपोर्ट से कार्गो सेवा का लेदर इंडस्ट्री को सबसे ज्यादा लाभ मिल सकता है। लेदर व्यापारी अभी लखनऊ और दिल्ली से माल की बुकिंग कराते हैं। अब कानपुर में ही सुविधा मिलने से लेदर का व्यापार भारत के बाहर भी आसान हो जाएगा।

**एयर इंडिया जल्द शुरू करेगी कोलकाता की विमान सेवा**

- एयरपोर्ट पर यात्री व अन्य सुविधाओं से एयर इंडिया भी संतुष्ट है। कंपनी जल्द ही कानपुर से उड़ान शुरू कर सकती है। एयरलाइंस के अधिकारियों ने एयरपोर्ट का सर्वे कर लिया है। संभावना है कि एयर इंडिया जल्द ही दिल्ली-कानपुर-कोलकाता के मध्य विमान सेवा शुरू कर सकती है।

# महाबोधि, नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों में पड़ा छापा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर और प्रयागराज स्टेशनों के मध्य महाबोधि एक्सप्रेस, नार्थईस्ट एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों में उत्तर मध्य जोन के महाप्रबंधक की विशेष टीम ने छापेमारी की। कई अवैध वेंडर टीम के हत्थे चढ़े। कई बेटिकट यात्रियों को भी पकड़ा गया और उनसे जुर्माना वसूला गया। कानपुर सेंट्रल स्टेशन समेत कई स्टेशनों के खानपान स्टालों पर गुणवत्ता की चेकिंग की गई।

रविवार को सहायक वाणिज्य प्रबंधक ने प्रयागराज-कानपुर खंड में गाड़ियों एवं कानपुर क्षेत्र के 6 बेस किचिन पर छापा मारा। गाड़ी संख्या 12505 नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस एवं 12398 महाबोधि एक्सप्रेस में यात्री सुविधा का निरीक्षण किया और बिना टिकट यात्रा कर रहे 55 यात्रियों से 42,220 रुपये जुर्माना वसूला। इस दौरान 4 अवैध वेंडर भी हत्थे चढ़े जिन्हें आरपीएफ को सौंप दिया गया। ट्रेनों में पेंट्रीकार की साफ सफाई, बेडरोल, एसी कोच की कूलिंग, ओवरचार्जिंग एवं पानी की उपलब्धता देखी। सेंट्रल स्टेशन समेत कई रेलवे स्टेशनों एवं ट्रेनों में यात्रियों को भोजन, शुद्ध पेयजल, शौचालयों की सुविधा देखी।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आकर वृद्धा की मौत

**कानपुर।** कल्याणपुर दलहन के पास ट्रेन की चपेट में आकर 65 वर्षीय वृद्धा मुन्नी देवी की मौत हो गई। अवधपुरी झोपड़पट्टी निवासी महिला रविवार भोर पहर रेलवे लाइन के पास शौच के लिए गई थी। तभी हादसा हुआ। महिला के बेटे चंदन व विष्णु कल्याणपुर बंबा रोड पर रहते हैं। बेटों ने बताया मां अवधपुरी में अकेले रहती थीं।

### किदवईनगर में बाइकर्स ने मोबाइल लूटा

**कानपुर।** किदवईनगर में घर जा रहे प्राइवेट कर्मी का मोबाइल बाइक सवार दो लुटेरों ने लूट लिया। किदवईनगर एम-ब्लॉक निवासी अनिल रावत प्राइवेट नौकरी करते हैं। उन्होंने बताया कि बेटे को सरकारी योजना के तहत मोबाइल मिला था, जिसे वह इस्तेमाल कर रहे थे। शनिवार रात वह ड्यूटी से लौट रहे थे, तभी शनिदेव मंदिर के पास किसी का फोन आया। जैसे ही जेब से मोबाइल निकाला, दो बाइक सवार लुटेरों ने झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लिया और फरार हो गए।

### शेरनी उमा की तबियत ठीक, खाना खाया

**कानपुर।** कानपुर प्राणि उद्यान में कई दिनों से बीमार शेरनी उमा की तबियत अब पहले से बेहतर है। रविवार को उसने मीट खाया और चहलकदमी भी की। प्राणि उद्यान की निदेशक श्रद्धा यादव का कहना है कि सभी पशु-पक्षियों की बर्ड फ्लू की रिपोर्ट निगेटिव आई है। अब जल्द ही प्राणि उद्यान को दर्शकों के लिए खोला जाएगा।

# केस्को ने संडे की छुट्टी कर दी खराब 10 लाख लोगों ने झेला बिजली संकट

## उमस भरी गर्मी में शहर के कई इलाकों में फाल्ट से छह घंटे तक गायब रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केस्को के तमाम दावों और शासन को भेजे जाने वाले आपूर्ति आंकड़ों में बिजली सप्लाई 23 घंटे से अधिक दिखाने के बावजूद शहरवासियों को बिजली के लिए तरसना पड़ रहा है। हालत यह है कि इलाका पॉश हो या बाहरी क्षेत्र किसी भी सब स्टेशन से 24 घंटे अबाध बिजली नहीं मिल पा रही है। ओवरलोड, केबिल फाल्ट, ट्रिपिंग, जंपर और ट्रांसफार्मर बिगड़ने जैसे कारणों से रविवार को छुट्टी के दिन उमस भरे मौसम में करीब 10 लाख लोगों को तीन से छह घंटे तक बिजली नसीब नहीं हुई।

भूमिगत केबिल फाल्ट से छप्पर उपकेन्द्र के चावल मण्डी में बिजली शाम चार बजे से रात नौ बजे तक गायब रही। फजलगंज फायर ब्रिगेड, गोल्ड स्पॉट, इंडस्ट्रियल स्टेट, फजलगंज लोकल, तनेजा, रेलवे सीक लाइन, जरीब चौकी, जेके जूट मिल, नेशनल ट्यूबिंग, न्यू सरेश बाग, स्टेट बैंक, गुरूनानक मॉर्केट व सीपीडब्ल्यूडी की आपूर्ति फॉल्ट से कई घंटे बाधित रही। डिफेंस कॉलोनी, ओमपुरवा, गोल्फ क्लब, न्यू बनिया बाजार, पोखरपुर, शिव गोदावरी, परदेवनपुर, केडीए बाजार, जगईपुरवा व रॉयल कम्पाउंड में जंपर टूटने से चार घंटे से अधिक आपूर्ति ठप रही।



जगह-जगह होता रहा मरम्मत कार्य।

**30 मोहल्लों में ज्यादा संकट, काटते रहे लोग सबस्टेशनों के चक्कर**

- रविवार को विकास नगर, इंद्रा नगर, सिंहपुर, किदवई नगर, विजय नगर, यशोदा नगर, हनुमंत विहार नौबस्ता, आवास विकास, आंबेडकरपुरम, श्याम नगर, सरोजनी नगर, दर्शनपुरवा, चावल मंडी कलक्टरगंज, पनकी, गीता पार्क, गोविंद नगर, चमनगंज, चीना पार्क, नवाबगंज, पुराना शिवली रोड, बंगाली मोहाल, साकेत नगर व कैंट क्षेत्र में बिजली गायब या आती-जाती रही। लोगों को उमस भरी गर्मी ने बेचैन कर दिया। बिजली न आने से परेशान लोग केस्को के टोल फ्री नंबर और एक्स पर शिकायत दर्ज कराते और सबस्टेशनों के चक्कर लगाते रहे।

**कहीं सुनवाई नहीं होती, बताए समय पर नहीं आती बिजली**

- केस्को के एक्स अकाउंट से लेकर यूपीपीसीएल, ऊर्जा मंत्री व मुख्यमंत्री के एक्स अकाउंट तक लोग बिजली घंटों गुल रहने की शिकायत कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद समस्या का स्थायी निदान नहीं हो रहा है। परेशान लोगों का कहना है कि सब स्टेशन या हेल्पलाइन से अधिकतर मौकों पर आश्वासन देकर शांत करा दिया जाता है। बिजली बताए समय से दो से तीन घंटे बाद आती है।

**बेपटरी हुई व्यवस्था....**

"शुक्रवार शाम आए आंधी-पानी से क्षेत्र में शनिवार शाम पांच बजे तक बिजली समस्या रही। शनिवार रात भर ट्रिपिंग होती रही।" -राजू कश्यप

"वर्तमान में बिजली व्यवस्था बेपटरी हो गई है, बिजली जाने के बाद कब और कितनी देर में आएगी, इसकी सही जानकारी केस्को उपलब्ध नहीं कराता है।" -सुंदर लाल

"दिन के साथ ही रात के समय भी लोगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है, केस्को अधिकारियों को ठोस कदम जरूर उठाना चाहिए।" -गोलू

"बिजली नहीं आने से लोगों को भीषण गर्मी में काफी परेशानी हो रही है, केस्को के टोल फ्री नंबर पर सटीक जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं।" -राहुल



मेट्रो में घूमे भाजपा नेता और व्यापारी। अमृत विचार

# व्यापारियों को कराई नई मेट्रो की सैर

**कानपुर।** कानपुर सेंट्रल स्टेशन से मोतीझील तक भाजपाइयों ने व्यापारियों को मेट्रो में सैर कराई और उन्हें बताया कि मेट्रो चलने से शहर को अब जाम से निजात मिलेगी। कम किराये में लोग एसी में कम समय में सफर तय कर सकेंगे। व्यापारियों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारे लगाए। भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता के नेतृत्व में कानपुर के विभिन्न ट्रेड के व्यापारियों ने कानपुर सेंट्रल मेट्रो स्टेशन से मोतीझील तक मेट्रो का सफर किया। नौघड़ा कपड़ा कमेटी अध्यक्ष शेष नारायण त्रिवेदी एवं मंत्री पवन दुबे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोशन लाल अरोड़ा, कानपुर कपड़ा कमेटी अध्यक्ष अमित दोसर, कानपुर मार्बल एंड टाइल्स एसोसिएशन अध्यक्ष विजय गुप्ता, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष हिमांशु पाल, अनीता सोनी, दिनेश गुप्ता, विराट गुप्ता, पीके शुक्ला, भूसाटोली बर्तन व्यापार मंडल महामंत्री पवन गुप्ता आदि थे।

# बंद मकान से माल पार कर ले गए चोर

**कानपुर।** कल्याणपुर के आवास विकास तीन अंबेडकरपुरम निवासी श्यामजी ने बताया कि वह परिवार समेत अपने गांव बिल्हौर गए थे। शनिवार रात गेट की दीवार फांदकर घर में घुसे चोर सोने की चेन और एक अंगूठी व दो गैस सिलेंडर उठा ले गए हैं। रविवार को घर लौटने पर घटना की जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी। कल्याणपुर थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि जांच की जा रही है।

# रेस्टोरेंट में बिल मांगने पर रॉड-बेल्टों से पीटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सिविल लाइंस स्थित एक रेस्टोरेंट में बिल को लेकर युवकों का कर्मचारियों से विवाद हो गया। नशे की हालत में युवकों ने कर्मचारियों को रेस्टोरेंट परिसर में दौड़ा-दौड़ाकर डंडे, बेल्ट व लोहे की रॉड से पीटा। एक घंटे चले मारपीट चली व तीन कर्मचारी घायल हुए। पुलिस ने युवकों को पकड़ने का प्रयास किया तो उनसे भी अभद्रता व धक्कामुक्की की। पुलिस ने पांच युवकों और दो कर्मचारियों का शांतिभंग में चालान किया है।

सिविल लाइंस निवासी नितिन गुप्ता का वीआईपी रोड पर डीजी गर्ल्स कॉलेज के पास बैठक रेस्टोरेंट है। उन्होंने बताया कि शनिवार को आजादनगर के आदित्य त्रिपाठी और उनके दोस्त लालबंगला के पीयूष जायसवाल ने रेस्टोरेंट में दो कमरे बुक कराए थे। रात करीब आठ बजे दोनों 7-8 दोस्तों के साथ जन्मदिन पार्टी मनाने पहुंचे। थर्ड फ्लोर पर स्थित कमरा नंबर 305 में शराब पी। देर रात एक बजे रेस्टोरेंट के वेटर ने उनसे बिल का भुगतान करने को कहा, तो गाली-गलौज करने लगे। भुगतान किए बिना जाने लगे। रिसेप्शन के पास खड़े रेस्टोरेंट के पार्टनर मनीष अग्रवाल ने उन्हें टोका तो युवक हाथापाई करने लगे। उन्होंने किसी तरह खुद को बचाया तो आरोपी युवक लिफ्ट से बेसमेंट में स्थित रेस्टोरेंट के हाल में पहुंचे, जहां मौजूद कर्मचारियों ने बिल के लिए कहा। इस पर युवक मारपीट करने लगे। होटल के कर्मचारियों को दौड़ा-दौड़ाकर लोहे की रॉड, डंडे व बेल्टों से पीटा। रेस्टोरेंट में भी तोड़फोड़ की। कर्मचारियों ने घटना की सूचना ग्वालटोली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवकों को पकड़ने का प्रयास किया तो उनसे भी अभद्रता करने लगे। घटनाक्रम रेस्टोरेंट के सीसीटीवी कैमरे में कैद है। कर्नलगंज एसीपी टीबी सिंह ने बताया कि होटल के कर्मचारी विजय यादव उर्फ बृजेश की शिकायत पर चकेरी निवासी काशी गुप्ता, अभिषेक यादव, प्रशांत यादव, पीयूष जायसवाल, रणवीर सिंह, निहाल प्रभाकर, आजाद नगर निवासी आदित्य त्रिपाठी और निखिल सेतपाल के खिलाफ मारपीट और धमकाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। निहाल, प्रद्युम्न ओमर, कुनाल वर्मा, कुशाग्र गुप्ता, नितिन गुप्ता समेत रेस्टोरेंट के वेटर सोनू और धीरू हिरासत में हैं।

**वीडियो वायरल होने पर एसीपी कर्नलगंज ने की जांच**

- रेस्टोरेंट में मारपीट करने वाले आरोपी हाईप्रोफाइल होने के कारण पुलिस ने पहले दबाने का प्रयास किया। रविवार दोपहर मारपीट का वीडियो वारयल होने पर एसीपी कर्नलगंज टीबी सिंह रेस्टोरेंट में जांच करने पहुंचे। घटनास्थल का जायजा लेने के साथ सीसीटीवी फुटेज देखे और कर्मचारियों के बयान दर्ज किए।

हेल्थ अलर्ट

## डॉ.एसके कटियार ने स्वर्ण जयंती समारोह में साझा किए अनुभव, सभी को निरंतर कोरोना से बचाव के उपाय करते रहने चाहिए

# कमजोर इम्यून सिस्टम वाले लोग कोरोना से सावधान रहें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कोरोना वायरस जीवित रहने के लिए लगातार म्यूटेट होता रहता है। यही कारण है कि हर बार इसके नए-नए वैरिएंट्स देखने को मिल रहे हैं। इसलिए जरूरी है कि हम सभी निरंतर कोरोना से बचाव के उपाय करते रहें। भले ही वैक्सीनेशन हो चुका है, फिर भी नए वैरिएंट्स से संक्रमण का जोखिम हो सकता है। हालांकि टीके गंभीर रोगों से जरूर सुरक्षा देते हैं। वर्तमान में देश में कोरोना फिर हावी हो रहा है, लेकिन यह अधिक घातक नहीं हैं। जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम है और जो गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं, उनको विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। यह जानकारी रविवार को वरिष्ठ पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ.एसके कटियार ने दी।




जानकारी देते डॉ.एसके कटियार व साथ में डॉ. संदीप कटियार।

आर्य नगर स्थित गैंजेस क्लब में रविवार को टीबी और पल्मोनरी केयर में डॉ.एसके कटियार की समर्पित सेवाओं का स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन हुआ। डॉ.एसके कटियार ने चिकित्सा क्षेत्र में बिताए अपने पल साझा किए। उन्होंने बताया कि आज से 50 वर्ष पहले टीबी का इलाज कठिन होता था, जिसकी वजह से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। पहले टीबी के मरीजों का इलाज तीन दवा के माध्यम से 18 माह या 24 माह तक चलता था, लेकिन 1986 के बाद से दवाओं में बढ़ोत्तरी की वजह से टीबी के मरीजों के ठीक होने का समय एक साल का हो गया। अब टीबी के मरीजों को छह माह के बाद ही आराम मिल रहा है। उन्होंने बताया कि कोरोना से सबसे ज्यादा बचाव उन व्यक्तियों को करना हैं, जिनका इम्यून सिस्टम कमजोर है और लिवर, गुर्दा, कैंसर जैसे गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हैं। बीमारी की वजह से इन मरीजों की इम्यून पॉवर कमजोर हो जाती है, जिसकी वजह से संक्रामक बीमारी के चांस काफी बढ़ जाते हैं।

**डॉ.एसके कटियार का कार्यकाल बेमिसाल**

- डॉ.संदीप कटियार ने बताया कि डॉ.एसके कटियार जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के पूर्व छात्र रहे हैं। 1965 में चिकित्सा शिक्षा शुरू की और यहीं से एमबीबीएस, डीटीसीडी व एमडी की उपाधि प्राप्त की। वह प्रॉक्टर, प्राचार्य और डीन व एलएलआर व संबद्ध चिकित्सालयों के सुपरिटेन्डेन्ट-इन-चीफ के रूप में भी कार्यरत रहे और फरवरी 2008 में सेवानिवृत्त हुए। वह नेशनल कॉलेज ऑफ चेस्ट फिजीशियंस के अध्यक्ष, इंडियन चेस्ट सोसाइटी के अध्यक्ष व टीबी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष भी रहे हैं। उनको लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड एनसीसीपी (इंडिया), इंडियन चेस्ट सोसाइटी, यूनाइटेड एकेडमी ऑफ पल्मोनरी मेडिसिन, स्वर्ण पदक टीएआई और उत्तर प्रदेश टीबी एसोसिएशन, राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

**कोविड के बाद कमजोर हो गए फेफड़े**

डॉ.एसके कटियार ने बताया कि कोविड के बाद लोगों द्वारा यह शिकायत अधिक की जा रही है कि उनके फेफड़े ठीक से काम नहीं कर पा रहे हैं। तेज चलने, दौड़ने, काम करने में सांस लेने में दिक्कत, हाफी आना व सांस तेज चलने जैसी समस्या हो रही है। इसकी वजह कोरोना ही है। क्योंकि कोरोना ने सबसे ज्यादा फेफड़े और इसके बाद हार्ट को प्रभावित करने का काम किया है। कोरोना ने लोगों के शरीर में एक दीमक की तरह काम किया है, जिसकी वजह से प्रभावित लोगों के फेफड़े पहले जैसे मजबूत नहीं रह गए हैं। यही कारण है कि लोगों में अब मौसमी वायरस या खांसी-जुकाम होने पर उनमे समस्या अब लंबे समय तक बनी रहती है। लोगों में पोस्ट कोविड की समस्या भी देखी जा रही है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## एक नजर

### कोऑपरेटिव सोसाइटी की सदस्यता शुरू

**कानपुर।** अध्यापक कॉपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड की सदस्यता शुरू हो गई है। 2004 के बाद नियुक्त शिक्षकों के लिए यह विशेष सदस्यता अभियान 15 जुलाई तक चलेगा। सोसाइटी के अध्यक्ष श्यामला कांत दीक्षित ने बताया कि अध्यापक कॉपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड एक वेतनभोगी सहकारी समिति है। जिसकी सदस्यता शहर के सभी शिक्षकों के लिए खुली हुई है। सदस्य बनने के लिए शिक्षकों को आचार्य नगर कार्यालय से आवेदन फॉर्म लेना होगा। सदस्य बनने के लिए सदस्यता फॉर्म 50 रुपये का होगा। आवेदन पत्र लेने के बाद भरा हुआ आवेदन फॉर्म हस्ताक्षर व दो फोटो के साथ पते का एक परिचय पत्र भी देना होगा।

### आईटीआई में अप्रेंटिसशिप मेला 3 को

**कानपुर।** राजकीय आईटीआई पाण्डु नगर में 3 जून को अशोक लीलैंड लिमिटेड लखनऊ अप्रेंटिसशिप के लिए युवाओं का चयन करेगी। वेल्डर इलेक्ट्रीशियन मशीनिस्ट मैकेनिक ऑटोमोबाइल पेंटर फिटर आदि अन्य ट्रेड के युवा शामिल हो सकेंगे। आयोजन में 18 से 23 वर्ष के बीच की आयु के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। कंपनी अपने लखनऊ के सरोजिनी नगर स्थित ईवी मैन्युफैक्चरिंग प्लांट व राजस्थान के अलवर स्थित प्लांट दोनों के लिए चयन के लिए आ रही है। चयनित अभ्यर्थियों को लगभग 15 हजार रुपये प्रति माह स्टाइपेंड व अन्य सुविधाएं जैसे कैंटीन आदि अलग से मिलेंगी। प्रधानाचार्य श्रवण कुमार शुक्ल ने बताया कि अभ्यर्थियों को अपने साथ बायोडाटा व सभी शैक्षिक प्रमाण पत्र, पहचान पत्र व फोटो साथ लाना अनिवार्य है।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा चालक लोडर सीज

**कानपुर।** मसवानपुर निवासी साइकिल दुकानदार मोहम्मद अकील की बेटी अलशिफा व बेटे तौहीद की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। टक्कर मारने वाले लोडर चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसका वाहन सीज कर दिया है। नर्सिंग छात्रा अलशिफा का पेपर था, इसलिए उसका भाई उसे स्कूटी से कल्याणपुर स्टेशन छोड़ने जा रहा था। अलशिफा बिल्हौर के अरौल में एक कॉलेज में पढ़ाई करती थी। आवास विकास केशवपुरम सब स्टेशन के पास तेज रफ्तार लोडर ने उसे टक्कर मारी थी। पुलिस ने रविवार लोडर चालक उन्नाव निवासी मोहित को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### घर में घुसकर धमकाया फायर झोंका

**कानपुर।** अहिरवां में बाइक सवार दबंगों ने पुरानी रंजिश में घर में घुसकर परिजनों को धमकाया, डराने के लिए फायर भी झोंका ।पीड़ित ने चकेरी थाने में शिकायत की है। अहिरवां के सदानंदनगर निवासी दिनेश उर्फ हनी सोनी ई-रिक्शा चालक हैं। उन्होंने बताया कि उनका अहिरवां गांव के युवक से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। वह खुन्नस रखने लगा और बीते शनिवार की शाम अपने साथी के साथ उसके आया। परिजनों को धमकाने के बाद उसने गेट के पास एक फायर किया और बाइक लेकर चला गया। घटना सीसीटीवी फुटेज में है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

### दो दिन तेज गर्मी रहेगी फिर होगी बूंदाबांदी

**कानपुर।** शहर में रविवार को दिन में तपिश के बाद घिरे बादलों से शाम को मौसम सुहाना हो गया। कहीं-कहीं बौछारें भी पड़ीं। इसकी वजह हवाओं का रुख बदलना रहा। मौसम विशेषज्ञों ने मंगलवार तक शहर में तेज गर्मी के कारण तापमान बढ़ने फिर बादल-बूंदाबांदी का मौसम बनने की संभावना जताई है। शहर में जून का पहला दिन अपेक्षाकृत पिछले सालों की तुलना में कम गर्म रहा। सुबह तपिश के साथ शुरू हुआ दिन शाम को हल्की आंधी के बाद सुहाना हो गया।

# एलिवेटेड रेल ट्रैक के नीचे सड़क बने या बाजार

## रेलवे, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी या प्रशासनिक तौर पर अभी इस पर कोई योजना प्रस्तावित नहीं की गई है

**बड़ा सवाल**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** फर्रुखाबाद रेल लाइन पर मंधना से अनवरगंज के बीच एलिवेटेड रेल ट्रैक का काम जल्द शुरू होने की घोषणा के साथ ही बड़ा सवाल नीचे बिछे वर्तमान ट्रैक की उपयोगिता को लेकर खड़ा हो गया है। इस बारे में व्यापारी संगठनों, राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा अलग-अलग राय दी जा रही है। कोई एलिवेटेड रेल ट्रैक के नीचे जीटी रोड के समानांतर सड़क बनाने की बात कह रहा है, तो कोई इस हिस्से के व्यावसायिक इस्तेमाल पर जोर दे रहा है। लेकिन अभी इस संबंध में रेलवे, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी या प्रशासनिक तौर पर कोई योजना प्रस्तावित नहीं किए जाने से यह आशंका भी जताई जा रही है कि कहीं इस ट्रैक पर भी उसी तरह अतिक्रमण न हो जाए जिस तरह अंग्रेजों द्वारा कोपरगंज से शहर के भीतर फैक्ट्रियों तक बिछाई रेलवे लाइन बदहाल हो चुकी है।



गीता नगर क्रासिंग बंद होने से लगा जाम। अमृत विचार

- मौजूदा फर्रुखाबाद रेलवे लाइन के कब्जों का शिकार हो जाने की सता रही आशंका
- कोपरगंज से फैक्ट्रियों तक बिछी रेलवे लाइन पर बन चुके हैं पक्के मकान व दुकानें

### रेलवे गया भूल, ट्रैक पर बन गईं पक्की सड़कें

- अतिक्रमण के चलते अब यह दोनों रेलवे लाइनें लापता हो चुकी हैं। हुआ यह कि जैसे जैसे फैक्ट्रियां बंद हुईं, मालगाड़ियों का आवागमन भी बंद हो गया। धीरे-धीरे रेलवे की अरबों रुपये की बेशकीमती जमीन पर कब्जे होते चले गए। आज स्थिति यह है कि इस रेलवे लाइन के ऊपर पक्के मकान और दुकानें बन चुकी हैं। रेलवे लाइन के स्थान पर कब्जे वाली बस्तियों की आरसीसी सड़कें बन चुकी हैं।

कोपरगंज स्थित रेलवे मालगोदाम से मालगाड़ी बासमंडी, डिप्टी पड़ाव, फहीमाबाद, बेकनगंज, तलाक महल, ग्वालटोली होते हुए वीआईपी रोड तक आती थी। यहां मालगाड़ी का एक शेड भी बना था। ग्वालटोली में बना पुल आज भी याद दिलाता है कि इसके नीचे से मालगाड़ियां चलती थीं। बेकनगंज, फहीमाबाद, तलाक महल आदि स्थानों पर जहां रेलवे लाइन बिछी थी, उसका नाम-ओ-निशान मिट चुका है। नेताओं ने अतिक्रमणकारियों के वोट बैंक की खातिर रेलवे लाइन के हिस्से पर सड़क, गलियां बनवा दीं।

### चलती थी ट्राम, फैक्ट्रियों तक बिछी थी रेलवे लाइन

- आज के समय में कम ही लोगों को जानकारी होगी कि आजादी से पहले शहर में ट्राम चलती थी, जिसके लिए रेलवे लाइन बिछी थी। इसी तरह चार दशक पूर्व तक कोपरगंज, डिप्टी का पड़ाव, ग्वालटोली होते हुए विक्टोरिया मिल, लाल इमली और टैफ्को तक कोयला पहुंचाने तथा माल लाने और ले जाने के लिए रेलवे लाइन बिछी थी।

### एक समय किरायेदारी भी करता था रेलवे

- कोपरगंज से लाल इमली के मध्य रेलवे लाइन पर कई ऐसे क्षेत्र थे, जहां रेलवे किरायेदारी भी करता था लेकिन जैसे जैसे समय बीता, लोगों ने किराया देना बंद कर दिया। इस संबंध में रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह का कहना है कि उनके संज्ञान में मामला नहीं है, पता करके ही तथ्यात्मक जानकारी दी जा सकती है।

# मवेशी लदे 8 वाहन पकड़े 12 तस्कर गिरफ्तार किए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महाराजपुर में दो और चकेरी में छह वाहन पकड़े गए
- 300 से अधिक मवेशियों को एसीपी ने मुक्त कराया

**अमृत विचार।** स्लाटर हाउस जा रहे 300 से अधिक मवेशियों को चकेरी एसीपी ने चेकिंग अभियान चलाकर मुक्त कराया। पुलिस ने मवेशियों से लदे आठ वाहनों को पकड़ा और 12 मवेशी तस्करों को गिरफ्तार किया है। चकेरी में छह और महाराजपुर में मवेशियों के लदे दो वाहन पकड़े गए।

चकेरी एसीपी एसएस रामटेके ने रविवार तड़के कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। एसीपी ने बताया कि चकेरी में रामादेवी चौराहा पर छह वाहनों में लदे मवेशियों को मुक्त कराया गया। सभी वाहनों में मवेशियों को ठूंसकर लादा गया था। आठ वाहनों में कुल 300 से ज्यादा मवेशी लदे मिले हैं। जिनका मेडिकल कराकर महाराजपुर स्थित जाना गौशाला में भेजा गया है। एसीपी ने बताया कि एक दर्जन चालकों व परिचालकों को भी हिरासत में लिया गया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। वाहन सरसौल समेत मध्य प्रदेश के सतना, कौशांबी व आसपास के जिलों से आ रहे थे। इन वाहनों को उन्नाव की तरफ ले जाया जा रहा था। पशु तस्करी के पीछे कौन सिंडिकेट है इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। कहां से और कैसे इतने मवेशी गिरोह को मिल रहे हैं, यह भी पता कराया जा रहा है।

### एसीपी की गाड़ी में टक्कर मार भागे थे तस्कर

- एसीपी चकेरी लगातार मवेशी तस्करों के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। इससे पहले भी फरवरी माह में वह सादे कपड़ों में हाईवे पर मवेशियों से लदे वाहनों को रोका था तो वाहन चालक उनके गाड़ी में टक्कर मारकर भागा था। एसीपी ने पीछा करके गिरोह के सदस्यों को पड़का था। दस वाहनों करीब 400 मवेशियों को बरामद किया था और दो दर्जन लोगों को जेल भेजा था।



फजलगंज में झंडा अभियान शुरू करते कांग्रेसी नेता। अमृत विचार

# हर कार्यकर्ता के घर कांग्रेस का झंडा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महापंचायत के बाद कांग्रेस का हर घर झंडा अभियान शुरू
- संविधान पर मंडरा रहे खतरे से लोगों को आगाह करेंगे

**अमृत विचार।** कानपुर महानगर कांग्रेस ने कानपुर दक्षिण के फजलगंज क्षेत्र में लोगों से उनकी समस्याएं जानने के लिए महापंचायत लगाई। उसके बाद हर घर झंडा अभियान की शुरुआत की गई। जनमानस के बीच कांग्रेसी नेता जाएंगे और संविधान पर मंडरा रहे खतरे से लोगों को आगाह करेंगे। अल्पसंख्यकों, दलितों व पिछड़े अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार को उजागर करेंगे।

रविवार को कानपुर महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि शहर में हजारों की संख्या में कांग्रेसी हैं। पांचों विधानसभा के हर कांग्रेस कार्यकर्ता के घर कांग्रेस का झंडा लगाया जाएगा। इसकी शुरुआत प्रभारी कोऑडिनेटर के सहयोग से वार्ड स्तर से होगी। महानगर अध्यक्ष ने बताया कि एआईसीसी के निर्देश पर शुरू किए गए इस कार्यक्रम के तहत कानपुर महानगर के सभी वार्डों में घर-घर जाकर पार्टी का झंडा लगाने का काम किया जाएगा। भाजपा की डबल इंजन की सरकार की कमर तोड महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी, पलायन पर सरकार की नाकामियों को उजागर किया जाएगा। पार्षद अमन दीप सिंह, श्रीराम वर्मा, कर्मवीर सिंह, जगदीश सिंह, समीर द्विवेदी, निर्मल त्रिवेदी, आशीष कुमार, हरमीत सिंह सलूजा, उदयवीर सिंह, सरदार पाली, उमाशंकर तिवारी, हमजा निहाल आदि थे।

# करंट लगने से किसान की मौत, हत्या का आरोप लगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** महाराजपुर के मंगतखेड़ा गांव के किसान की ट्यूबबेल बंद करते समय करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। वहीं परिजनों ने ट्यूबबेल मालिक समेत तीन लोगों के खिलाफ धक्का देकर करंट से चिपकाकर हत्या का आरोप लगाया है।

रहनस के मजरा मंगतखेड़ा निवासी 55 वर्षीय किसान रामकुमार रविवार सुबह खेत की सिंचाई पड़ोसी के ट्यूबबेल से कर रहे थे। दोपहर में जब रामकुमार ट्यूबबेल बंद करने गए तो स्टार्टर में आ रहे करंट की चपेट में आकर उनकी मौत हो गई। वहीं उनकी पत्नी राजकली का आरोप है कि पुरानी रंजिश में ट्यूबबेल मालिक कल्लू तिवारी, पवन तिवारी व उनके साथी लाखन पासवान ने उनके पित को खुले तारों पर धक्का देकर गिरा दिया। जिससे करंट की चपेट में आकर उनकी मौत हो गई। राजकली ने थाने में तहरीर दी है। महाराजपुर थाना प्रभारी ने बताया कि जांच में ट्यूबबेल में बिजली व्यवस्था की लापरवाही सामने आई है। जिसके चलते तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। हत्या का आरोप गलत है।

### करंट से इलेक्ट्रीशियन की जान गई

**कानपुर।** साकेतनगर स्थित दीप सिनेमा परिसर में शनिवार देर शाम पंखा लगाते समय करंट की चपेट में आकर इलेक्ट्रीशियन की मौत हो गई। मूलरूप से हमीरपुर कुरारा के सिमरा गांव निवासी 40 वर्षीय धर्मपाल सिंह इलेक्ट्रीशियन थे। वह मंधना में किराए पर रहकर ठेकेदार गोविंद तिवारी के अंडर में दीप सिनेमा में काम करते थे। परिवार में पत्नी पूनम, दो बेटे और दो बेटियां हैं। छोटा भाई श्रीपाल सिंह ने बताया कि उन्हें भाई को करंट लगने की सूचना मिली थी। वह मेनगेट के पास छत में ड्रील करके पंखा लगा रहे थे। तभी वहां से गुजरी एसी के डक्ट में उतरे करंट की चपेट में आ गए। किदवईनगर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार राम ने बताया कि परिवारवालों ने कोई तहरीर नहीं दी है।

## सार-संक्षेप



गुरुद्वारा नवाबगंज के बाहर लगाई गई छबील अमृत विचार

### गुरुद्वारा नवाबगंज में कच्ची लस्सी वितरण

**कानपुर।** गुरु श्री अर्जन देव जी महाराज की याद में गुरुद्वारा नवाबगंज परिसर में कच्ची लस्सी का वितरण किया गया। गुरुद्वारा में रागी जत्थों ने शबद गायन करके संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा के प्रधान सरदार मान सिंह बग्गा की अगुवाई में कार्यक्रम आयोजित किया गया। रागी भाई भूपिंदर सिंह गुरदासपुरी ने गुरुवाणी से संगत को निहाल किया। श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेकने के लिए संगत की भारी भीड़ पहुंची। इस अवसर पर सरदार गुरमीत सिंह, सरदार चरनजीत सिंह, गुरविंदर सिंह, बेबी, कैलाश बाबू, सुरेंदर सिंह अरोरा, सरदार अवतार सिंह, बीबी चंद्रा कौर आदि ने सेवा की।



द गुड शेपर्ड चर्च कल्याणपुर में कव्वाली का मंजर। अमृत विचार

### द गुड शेपर्ड चर्च में जश्न-ए-इबादत कव्वाली

**कानपुर।** द गुड शेपर्ड चर्च गूबा गार्डेन कल्याणपुर में चर्च के 17 वें स्थापना दिवस पर जश्न-ए-इबादत कव्वाली का आयोजन किया गया। रविवार को चर्च के स्थापना दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका शुभारंभ बिशप पंकज राज मलिक ने किया। बिशप ने ईश्वर को धन्यवाद देने के साथ ही सभी भक्तजनों को बधाई दी। पैराडाइज एंजेल बैंड ने प्रभु यीशु मसीह की आराधना करते हुए विभिन्न कव्वाली पेश की जैसे पर्दा हटा के देख, आज खुशी से गाऊंगा, हसरते दिल तू ही-तू ही जीशान है आदि प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अनुपमा मलिक, शेरोन मलिक, पास्टर सत्येंद्र श्रीवास्तव, पास्टर अनुराज मलिक, सागर मसीह, श्रेयराज, सौरभ राज, रिक्की, निशित, अभिमन्यु, अमन, निखिल, एल्विन, मनीष, लारेंस थे।

### निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरकर मजदूर की मौत

**कानपुर।** निर्माणाधीन बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर काम कर रहे मजदूर की नीचे गिरकर मौत हो गई। घटना के बाद ठेकेदार मौके से भाग निकला। मजदूर के परिजनों ने ठेकेदार पर लापरवाही से काम कराने का आरोप लगाया है। जाजमऊ के सरैयां निवासी 35 वर्षीय अनवर मजदूरी करता था। परिवार में पत्नी सलमा और तीन बेटी व एक बेटा है। अनवर के भाई समीर ने बताया कि वह और उनका भाई गंगापार निवासी ठेकेदार के अंडर में काम करते हैं। मौजूदा समय में वाजिदपुर के संजयनगर में एक बिल्डिंग में काम चल रहा है। समीर ने बताया कि वह बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर काम कर रहा था, जबकि ठेकेदार उनके भाई अनवर समेत दो अन्य लोगों को तीसरी मंजिल पर लेंटर की ढलाई के लिए ले गया था। समीर का आरोप है कि भाई ने बिना किसी सुरक्षा के काम करने से मना भी किया, लेकिन ठेकेदार ने वेतन न देने की धमकी दी। काम के दौरान ही वह तीसरी मंजिल से नीचे गिर गया।

# लाल कालोनी में तेलंगाना पुलिस ने साइबर ठग पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हैदराबाद के कारोबारी से 1.98 करोड़ की साइबर ठगी

**अमृत विचार।** तेलंगाना पुलिस जूही लाल कालोनी में दबिश देकर साइबर ठग अमर शर्मा को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। साइबर ठग पर हैदराबाद के कारोबारी से एक करोड़ 98 लाख रुपये की ठगी करने का आरोप है। तेलंगाना पुलिस कोर्ट से ट्रांजिट रिमांड मिलने के बाद आरोपी को लेकर गई।

हैदराबाद के गांधीनगर निवासी कारोबारी वेंकेट रेड्डी ने मार्च 2025 को एक करोड़ 98 लाख रुपये की साइबर ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तेलंगाना पुलिस के दारोगा अभिषेक के मुताबिक आरोपी ने फेसबुक के जरिये कारोबारी से संपर्क किया था। इसके बाद उन्हें शेयर मार्केट में निवेश पर ज्यादा मुनाफे का लालच दिया और ठगी की। उन्होंने बताया कि साइबर ठगी पांच लोगों ने मिलकर की थी। इसमें एक आरोपी निखिल को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। उसी की निशानदेही पर अमर शर्मा की तलाश में टीम किदवईनगर पहुंची। किदवईनगर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि साइबर ठगी के आरोपी को तेलंगाना पुलिस गिरफ्तार कर ले गई है।

# धनवंतरि में बताए गए धूम्रपान के नुकसान

**कानपुर।** नौबस्ता चौराहा स्थित धनवंतरि हेल्थकेयर में विश्व धूम्रपान निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्देश्य आम जनता को तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों से अवगत कराना रहा। वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. अरुण प्रकाश द्विवेदी ने बताया कि तंबाकू, गुटखा व सिगरेट से कैंसर, हृदय रोग और श्वसन संबंधी समस्या हो सकती है। तंबाकू एक धीमा जहर है, जो व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्थिति को प्रभावित करता है। युवाओं को तंबाकू की लत से दूर रहने की जरूरत है, क्योंकि यह आने वाली पीढ़ी को भी नुकसान पहुंचा सकती है। हमे शुरुआती लक्षणों पर ध्यान देना चाहिए।



तंबाकू उत्पादों को जलाते डॉ. अरुण प्रकाश। अमृत विचार

**बकरीद की तैयारी** | कई जिलों और कस्बों के किसानों के आने का सिलसिला शुरु

# हलीम ग्राउंड पर यूपी की सबसे बड़ी पशु बाजार लगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बकरीद के मौके पर चमनगंज स्थित हलीम कालेज ग्राउंड पर यूपी की सबसे बड़ी जानवरों की बाजार लग गई है। यहां कई जिलों व कस्बों से किसान, व्यापारी अपने जानवर लेकर खरीद-फरोख्त के लिए पहुंचने शुरू हो गए हैं।

रविवार को कई कस्बों व जिलों के व्यापारी अपने जानवर लेकर हलीम कालेज के पास पहुंचे। अब तक 500 जानवरों की खेप यहां पहुंच चुकी है। हलीम कालेज में पिछले पांच वर्षों से बकरीद के मौके पर जानवरों की बिक्री होने लगी है। इसके पहले नई सड़क, बाकरगंज समेत कई स्थानों पर बकरों की बाजार लगती थी लेकिन अब हलीम कालेज सबसे बड़ी बाजार हो गई है। बकरीद का त्योहार तीन दिनों 7,8 व 9 जून को मनाया जाएगा जिसमें तीनों दिन अल्लाह की राह में जानवरों की कुर्बानी दी जाएगी। एक अनुमान के मुताबिक शहर में 7 जून को 3.5 लाख, 8 जून को 2 लाख और 9 जून को 80 हजार जानवर कुर्बान किए जाएंगे।



पशु बाजार में आए बकरे। अमृत विचार

- बकरीद तक यहां जानवरों की खरीद-फरोख्त की जाएगी
- 7,8 और 9 जून को की जाएगी कुर्बानी

### सामूहिक कुर्बानी भी की जाएगी

- चमनगंज, जाजमऊ समेत शहर के कई क्षेत्रों में सामूहिक कुर्बानी की व्यवस्था की गई है। ये सामूहिक कुर्बानी उन लोगों के लिए है जिनके पास इतने पैसे नहीं है कि वे कोई जानवर खरीद सकें। ऐसे में सामूहिक कुर्बानी कराने वाले एक बड़े जानवर में 7 लोगों को भागीदार बनाते हैं।

### जामा मस्जिद शफियाबाद में दो बार नमाज

- चमनगंज स्थित जामा मस्जिद शफियाबाद में ईद-उल-अजहा की नमाज दो बार अदा की जाएगी। इंतजामिया कमेटी जामा मस्जिद शफियाबाद के सदर जावेद कुरैशी ने बताया कि जामा मस्जिद शफियाबाद में 7 जून को पहली नमाज सुबह 7 बजे होगी और दूसरी नमाज सुबह 8.15 बजे अदा की जाएगी।

# देश का पहला सर्कुलर इकोनॉमी मॉडल किया जाएगा तैयार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- उजाला सिग्नस व करो संभव के बीच समझौता
- बायोमेडिकल उपकरणों और आईटी कचरे का सही और टिकाऊ निस्तारण होगा

**अमृत विचार।** उजाला सिग्नस ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स ने पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए करो संभव के साथ एक साझेदारी की। जिसका उद्देश्य भारत का पहला सर्कुलर इकोनॉमी मॉडल तैयार करना है, जो अस्पतालों में इस्तेमाल होने वाले बायोमेडिकल उपकरणों और आईटी कचरे (ई-वेस्ट) को सही ढंग से व टिकाऊ तरीके से प्रबंधित करेगा।

करो संभव भारत की प्रमुख सर्कुलर इकोनॉमी और ईपीआर (एक्सटेंडेड प्रोड्यूसर रिस्पॉन्सिबिलिटी) समाधान देने वाली कंपनी है। यह साझेदारी नई दिल्ली स्थित उजाला सिग्नस कॉर्पोरेट ऑफिस, ईसीई हाउस, बाराखंभा रोड पर औपचारिक रूप से साइन की गई।

उजाला सिग्नस के चेयरमैन, डायरेक्टर और सह-संस्थापक प्रबल घोषाल ने कहा कि हमारा मानना है कि जिम्मेदार स्वास्थ्य सेवा केवल इलाज तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि समाज और पर्यावरण की भलाई तक भी होनी चाहिए। करो संभव के साथ हमारी यह साझेदारी इस सोच को साकार करती है। अब हम अस्पतालों में ई-वेस्ट को सुरक्षित और जिम्मेदारी से प्रबंधित करने का उदाहरण बनाना चाहते हैं। इस साझेदारी के साथ उजाला सिग्नस का लक्ष्य है कि वह भारत का पहला और सबसे बड़ा अस्पताल समूह बने, जो अपने ई-वेस्ट प्रबंधन में पूरी तरह से सर्कुलर इकोनॉमी को अपनाए। यह पहल न केवल पर्यावरण की सुरक्षा की दिशा में है, बल्कि जिम्मेदार और मानव-केंद्रित स्वास्थ्य सेवा देने के वादे को भी मजबूत करती है।

# सागर हाईवे पर लगे लंबे जाम में फंसे सैकड़ों वाहन

## हाईवे पर ट्रक खराब होने से लगा जाम , एंबुलेंस भी जाम में फंसी

संवाददाता घाटमपुर


हाईवे पर लगा भीषण जाम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** घाटमपुर के पतारा कस्बा में कानपुर- सागर हाईवे पर एक ट्रक खराब हो गया। इससे यहां पर जाम लगना शुरू हो गया। जल्दबाजी में आड़े तिरछे घुसे वाहनों से हाईवे पूरी तरह से बाधित हो गया। जाम में एंबुलेंस समेत तमाम वाहन फंस गए। जाम में फंस कर तमाम लोग जाम के झाम से जूझते रहे और जाम में फंस कर झुंझलाते और खिसियाते रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भारी मशक्कत के बाद खराब ट्रक को किनारे करवाकर हाईवे पर दो घंटे बाद यातयात बहाल कराया गया।

- कानपुर- सागर हाईवे पर लगा लंबा जाम

घाटमपुर थाना क्षेत्र के पतारा कस्बा स्थित तिलसड़ा मोड़ के पास घाटमपुर की ओर से कानपुर जा रहा एक ट्रक खराब हो गया। चालक ने तमाम कोशिश की पर ट्रक स्टार्ट नहीं हुआ, जिसके चलते धीरे धीरे जाम लगने लगा और देखते ही देखते भारी जाम लग गया। सुबह ड्यूटी जाने की जल्दी में कार सवार व बाइक सवार आड़े तिरछे घुसने लगे जिसके चलते जाम और विकराल हो गया। पतारा कस्बा में हाईवे पर दोनों ओर नाले बने होने से जाम विकराल होता चला गया और देखते ही देखते हाईवे पर लगभग पांच किलो मीटर लंबा जाम लग गया। जाम में एंबुलेंस और रोडवेज बस समेत तमाम वाहन फंसे रहे। जाम में फंस कर तमाम लोग जाम के झाम से जूझते रहे और जाम में फंस कर झुंझलाते और खिसियाते रहे। राहगीरों ने हाईवे पर जाम लगने की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पतारा चौकी पुलिस ने खराब खड़े ट्रक को कड़ी मशक्कत के बाद किनारे करवाकर कानपुर- सागर हाईवे पर यातयात बहाल कराया और धीरे धीरे वाहनों के निकलने से यातायात सामान्य हुआ। घाटमपुर इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि ट्रक को किनारे करवाकर हाईवे पर यातयात बहाल कराया गया है।

# डीएम ऑफिस के लिपिक से 80 हजार रुपये की ठगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फेसबुक मैसेंजर पर सीतापुर जिलाधिकारी की आईडी से मैसेज आया
- सीआरपीएफ जवान बनकर सस्ते दाम में फर्नीचर बेचने के नाम पर फ्राड

**अमृत विचार।** साइबर ठग ने खुद को सीआरपीएफ जवान बताकर जिलाधिकारी कार्यालय के लिपिक से 80 हजार रुपये ठग लिए। खुद को सीआरपीएफ जवान बताने वाले ने कहा, उसका ट्रांसफर हो गया है। इसलिए सस्ते दाम में फर्नीचर बेच दूंगा। पैसे ट्रांसफर करने के बाद ठगी का संदेह होने पर पीड़ित लिपिक ने साइबर सेल में शिकायत की और चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

श्यामनगर निवासी जितेंद्र कुमार मिश्रा जिलाधिकारी कार्यालय में लिपिक हैं। उन्होंने बताया कि बीती 16 मई की शाम को उनके फेसबुक मैसेंजर पर सीतापुर जिलाधिकारी की आईडी से मैसेज आया। इसके बाद उनका हालचाल पूछा। जितेंद्र के अनुसार जिलाधिकारी सीतापुर के कानपुर में कार्यकाल से वह उनसे परिचित हैं, इसलिए संदेह नहीं हुआ। हालचाल के बाद दोबारा एक मैसेज आया कि उनका एक मित्र सीआरपीएफ जवान है, जिसकी तैनाती बिजनौर में है। उसका तबादला होने के कारण वह अपना फर्नीचर समेत घर का सामान सस्ते दाम में बेच रहा है। जिसे खरीद लेने की बात कही। जितेंद्र भी झांसे में आ गए और कुछ देर बाद उनके पास अनजान नंबर से कॉल आई। जिसने खुद को सुनील कुमार सीआरपीएफ का जवान बताकर सामान बेचने के बारे में बात की। जिसके बाद आरोपी ने उन्हें कोड भेजकर करीब 80 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद आरोपी ने फिर से फोन कर गाड़ी का बीमा कराने के नाम पर 41 हजार की मांग की। इस पर जितेंद्र को संदेह हुआ तो उन्होंने जिलाधिकारी सीतापुर अभिषेक आनंद को उनके सीयूजी नंबर पर फोन किया, तो उनके ओएसडी से बात हुई। ओएसडी ने कोई मैसेज न करने की जानकारी दी। इस पर जितेंद्र को ठगी का संदेह हुआ। उन्होंने साइबर सेल में शिकायत की। जितेंद्र ने बताया कि इसके पहले भी उनके पास बेटी व बेटे को लेकर डिजिटल अरेस्ट के लिए वीडियो कॉल आई थी, मगर वह सतर्क रहे। जितेंद्र ने घटना की शिकायत 17 मई को चकेरी थाने में की थी, लेकिन 31 मई को रिपोर्ट दर्ज हुई।

# वन विभाग की भूमि पर फसल बोने पर मुकादमा

**बिल्हौर।** बिल्हौर- ककवन थाना क्षेत्र के फत्तेपुर गांव में खाली पड़ी वन विभाग की भूमि पर फसल बोने पर बस्तीपुरवा गांव के संतोष यादव पुत्र शंकर दयाल पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। वन विभाग के वन दरोगा शुभम ने बताया कि फत्तेपुर ग्राम पंचायत में वन विभाग की लगभग एक बीघे भूमि पर खेत जोतकर फसल बो दी जिसको मना करने बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की। इसपर वन दरोगा द्वारा वन विभाग की भूमि कब्जा करने के आरोप में किसान पर मुकदमा दर्ज कराया।

लोगों ने बताया कि सैकड़ों बीघे भूमि पर कब्जा हो रहा है लेकिन जिले के अफसर भी बने अनंजान बैठे है। ककवन ब्लाक के कई ऐसे ग्राम पंचायत है जहां सैकड़ों बीघे वन विभाग की भूमि पर कब्जा है। लोकल स्तर पर रेंजर से लेकर जिले के अफसरों को मामले की जानकारी है लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। ककवन ब्लाक के प्रधान संघ अध्यक्ष व हालामऊ गांव के प्रधान मिंटू राठौर ने बताया कि कई बार तहसील दिवस में वन विभाग के साथ एसडीएम से कब्जा की शिकायत की थी लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। ककवन के कसिंगवा ,उठ्ठा ,औरोताहारपुर ,गढ़ेवा ,हालामऊ ,मैदौं बिलारीपुर ,बछना आदि गांव मे बड़ी मात्रा मे भूमि पर कब्जा है।


कार्यक्रम में मौजूद अतिथि गण। अमृत विचार

# शिविर में बजरंगियों को मिल रहा है प्रशिक्षण

संवाददाता घाटमपुर

- बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के दीक्षांत समारोह में पहुंचे विहिप के संगठन मंत्री

**अमृत विचार।** घाटमपुर में विश्व हिन्दू परिषद की युवा शाखा बजरंग दल कानपुर प्रान्त का कैप्टन सुखवासी सिंह जनता महाविद्यालय में प्रशिक्षण चल रहा है। बजरंग दल के शौर्य प्रशिक्षण कार्यक्रम में विहिप के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र भी पहुंचे और उन्होंने युवा बजरंगियों को संबोधित किया। इस दौरान सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बजरंग दल के शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के दीक्षांत समारोह में युवा बजरंगियों को संबोधित करते हुए विश्व हिन्दू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र ने कहा कि बजरंग दल की स्थापना 8 अक्टूबर 1984 को अयोध्या में हुई थी। उन्होंने कहा कि श्रीराम के कार्य के लिए हनुमान सदा उपस्थित रहे हैं। उसी प्रकार आज के युग में श्रीराम के कार्य के लिए यह बजरंगियों की टोली 'बजरंग दल' के रूप में कार्य करेगी। बजरंगदल का संगठन किसी के विरोध में नहीं बल्कि हिन्दुओं को चुनौती देने वाले असमाजिक तत्वों से रक्षा के लिये हुआ है। राष्ट्र और धर्म के कार्य में सम्पूर्ण देश की राष्ट्रभक्त तरूणाई बजरंगदल के रूप में प्रकट हो रही है। बजरंग दल के प्रान्त सह संयोजक शुभम कौशिक, प्रान्त विद्यार्थी कार्य प्रमुख नरेश तोमर , प्रान्त गौरक्षा प्रमुख यशवंत यदुवंश , देवेन्द्र गंगेले , सूरज यादव , विभाग सह संयोजक शुभम् शौर्य अग्निहोत्री, जिला अध्यक्ष मनीष सचान, जिला उपाध्यक्ष लल्लू ओमर, ऋषभ,विकास , मोहित जी रमन अवस्थी जी,बब्लू दुवे,सोनू पटेल, योगेन्द्र सोनी,बीनू बजरंगी ,विजय सहित आदि मौजूद रहे।



माला पहनाकर बैकुण्ठ यादव का सम्मान करते कार्यकर्ता। अमृत विचार


कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी और कार्यकर्ता। अमृत विचार

# बैकुण्ठ बने भारतीय पिछड़ा शोषित के राष्ट्रीय अध्यक्ष

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में आयोजित दो दिवसीय भारतीय पिछड़ा शोषित संगठन के राष्ट्रीय अधिवेशन मे रविवार को संगठन ने बैकुण्ठ यादव को अपना नया राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया। पदभार संभालने के पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पिछड़े व शोषित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने व उन्हें मुख्य धारा में लाने के लिए प्रतिबद्धता जताई। इस दौरान संगठन के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कस्बा स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में संगठन के लोगों ने बैकुंठ यादव का फूल माला पहना उनका अभिनंदन किया। इस दौरान उनके द्वारा पार्टी हित में किए गए कार्यों पर चर्चा कर उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान संगठन के सदस्यों ने यादव की नियुक्ति पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनायें दीं और उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में भारतीय पिछड़ा शोषित एकता संगठन, समाज के पिछड़े और शोषित वर्गों के उत्थान के लिए और अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकेगा।

वहीं नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष बैकुंठ यादव ने संगठन को और मजबूत बनाने और देश भर में इसके विस्तार पर जोर दिया। कार्यक्रम में सपा नेता विनय यादव ,रचना सिंह आदि के साथ संगठन के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मोबाइल से बढ़ रही बहरेपन की समस्या

चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- कान से लगाकर 20 मिनट से ज्यादा बात की लत कम कर सकती श्रवण क्षमता
- लगातार मोबाइल कान से सटाने या हेडफोन से कॉक्लियर नर्व हो सकते हैं क्षतिग्रस्त

**अमृत विचार।** समय बिताने के लिए मोबाइल फोन पर रील्स देखना, हेड फोन लगाकर गाने सुनना या देर तक कान से सटाकर दोस्तों-रिश्तेदारों से बातचीत करने की आदत कान को काफी नुकसान पहुंचा सकती है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के नाक, कान व गला विभाग में हुए एक शोध अध्ययन में सामने आया है कि 20 मिनट से अधिक समय तक मोबाइन को कान से सटाकर बात करने पर कम सुनाई देने, कान से आवाजें आने जैसी समस्या हो सकती है। यहां तक कि कान का कॉक्लियर नर्व भी क्षतिग्रस्त हो सकता है।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के ईएनटी विभाग में बड़ी संख्या में युवक कम सुनाई देने, कान में सीटी जैसी बजने की समस्या लेकर पहुंच रहे हैं। इसे देखते हुए वरिष्ठ चिकित्सक हरेंद्र कुमार ने 375 मरीजों पर एक स्टडी की। उनकी टीम ने मरीजों की हिस्ट्री ली और आवश्यक जांचें कराईं। ईयर फाउंडेशन के बैनर तले हुए इस सर्वे में सामने आया कि अधिकतर मरीज मोबाइल पर अधिक समय बिता रहे थे और फोन पर लंबी-लंबी बातें करते हैं। डॉ. हरेंद्र कुमार ने बताया कि अगर कोई व्यक्ति 20 मिनट से अधिक लगातार मोबाइल को कान में सटाकर बात करता है तो कान की कॉक्लियर नर्व क्षतिग्रस्त हो सकती है। इससे कान में सीटी बजने या सांय-सांय की आवाज आने की समस्या होती है।

### महिलाएं ज्यादा पीड़ित, कान और सिर में दर्द

- ईयर फाउंडेशन के अनुसार 20 मिनट से अधिक बात करने वाले मरीजों में महिलाओं की संख्या अधिक है। ऐसी ज्यादातर महिलाओं के कान के साथ सिर में लगातार दर्द बना रहता है, जो आम पेन किलर से भी ठीक नहीं होता।

### 65 % ईयरबड्स या हेडफोन लगाने वाले खतरे का शिकार

- ईयरबड्स या हेडफोन के साथ अधिक समय तक पर्सनल म्यूजिक प्लेयर का इस्तेमाल करने वाले लगभग 65 प्रतिशत लोग लगातार 85 डेसिबल से ज्यादा आवाज में इसे प्रयोग में लाते हैं। इतनी तीव्रता वाली आवाज कानों के आंतरिक हिस्से के लिए काफी हानिकारक है। युवा आबादी में इस कारण 40 की उम्र तक सुनने की क्षमता कमजोर होने की समस्या हो सकती है।

### विश्व स्वास्थ्य संगठन कर चुका है अलर्ट

- विश्व स्वास्थ्य संगठन पहले ही अलर्ट कर चुका है कि दुनिया में 12 से 35 वर्ष आयु के 100 करोड़ से अधिक लोगों में सुनने की क्षमता कम होने या बहरेपन का जोखिम हो सकता है। इसकी वजह मुख्य रूप से लंबे समय तक हेड फोन या ईयरबड्स से तेज आवाज में संगीत सुनना है। तेज आवाज वाले ये उपकरण आंतरिक कान को क्षति पहुंचाते हैं।

# डिवाइडर से टकराई बाइक एक की मौत

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के मरियानी गांव के निकट हाईवे पर रविवार दोपहर तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में बाइक चालक युवक की मौत हो गई, जबकि साथ में बैठे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।

नारामऊ, कानपुर नगर निवासी दिनेश वाल्मीकि (40) पुत्र रमेश राजमिस्त्री का काम करता था। रविवार को दिनेश बाइक द्वारा गांव के ही मदन पासवान के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए शिवराजपुर स्थित खेरेश्वर घाट पर आया था। वहां से घर वापसी के दौरान उसके साथ बाइक पर गांव के ही मलखान पुत्र स्व कल्लू प्रसाद व सर्वेश पुत्र खुशी लाल, निवासी जोधेपुर गजनेर कानपुर देहात भी बैठ गये। करीब 2:30 बजे क्षेत्र के मरियानी गांव के समीप हाईवे पर तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से जा टकराई। हादसे की सूचना पर एनएचआई की एंबुलेंस मौके पर पहुंची और मार्ग पर पड़े सभी घायलों को उपचार के लिए आनन फानन सीएचसी पहुंचाया। वहां पर मौजूद चिकित्सकों ने दिनेश को मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के घर वालों को दी। परिजनों के मौके पर पहुंचने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वहीं पैर टूट जाने से मलखान को भी हैलट कानपुर रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह राठौर ने बताया कि डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार की मौत हुई है। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# डीसीएम चालक के साथ हुई लूटपाट, रिपोर्ट दर्ज

**चौबेपुर।** क्षेत्र के मरियानी गांव के सामने हाईवे पर शनिवार देर रात बाइक सवार बदमाशों ने डीसीएम चालक के साथ लूटपाट की।

मैनपुरी के थाना ओछा, ग्राम नगला भजन निवासी रामवीर सिंह यादव पुत्र रवी चंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि शनिवार रात वह डीसीएम में सामान लादकर कानपुर से बाया बिल्हौर होते हुए लखनऊ जा रहा था। तभी रात करीब 1:30 बजे थाने से मात्र एक किमी आगे मरियानी गांव के सामने मोड़ पर गाड़ी खड़ी करके वह लघुशंका करने लगा। इसी दौरान वहां पहुंचे बाइक सवार तीन युवकों ने उसका मोबाइल व जेब में पड़े 5000 रुपये छीन लिए। उसने बताया कि लूटपाट करने वाले युवकों की बिना नंबर की बाइक काले रंग की थी, और उस पर अंग्रेजी में फ्रीडम लिखा था। प्रभारी राजकुमार सिंह राठौर ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर बदमाशों का पता लगाया जा रहा है।

# दुष्कर्म पीड़िता का एक आरोप गलत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

### आरोपी वृद्ध से पीड़िता की 600 बार हुई बात

मामले में जांच कर रही पुलिस ने पीड़िता और आरोपी वृद्ध के मोबाइल की कॉल डिटेल निकाली है। कॉल डिटेल रिकार्ड के अनुसार दोनों के बीच रोजाना बात होती थी। उनके बीच 600 से ज्यादा बार मोबाइल पर बात हुई है।

**अमृत विचार।** गोविंदनगर के एक आश्रम में सामूहिक दुष्कर्म के आरोप लगाने वाली ताइक्वांडो खिलाड़ी का पहला आरोप गलत साबित हुआ। पुलिस जांच में युवती ने आश्रम से जुड़े जिस पदाधिकारी पर आरोप लगाया था, वह घटना वाले दिन वहां थे ही नहीं। आश्रम के पदाधिकारी महाकुंभ में स्नान करने गए थे। इस बात की पुष्टि उनके मोबाइल की लोकेशन से हुई है। वहीं, रविवार को पीड़िता ने एडीसीपी महेश कुमार से मिलकर अपना बयान भी दर्ज कराया।

सामूहिक दुष्कर्म के आरोप की जांच कर रहे एडीसीपी ने बताया कि युवती ने जिन लोगों पर आरोप लगाया है उनमें से एक की लोकेशन घटना के दिन महाकुंभ मिली है। यह जरूर है कि वीडियो में जिस कमरे में घटना होने का बात बताई गई, वह कमरा आश्रम का ही है। वीडियो में नजर आए बुजुर्ग आरोपी की हरकत देखकर सारी बातें स्पष्ट हो रही हैं, लेकिन अन्य के खिलाफ लगे आरोप का कोई प्रमुख साक्ष्य नहीं मिला है। वहीं युवती ने आरोप लगाया कि पुलिस उससे उसका मूल पता पूछ रही है। जिससे उसके परिजनों पर दबाव डाला जाए। इस बारे में एडीसीपी ने कहा कि मूल पता महज लिखापढ़ी की कार्रवाई के लिए मांगा गया है।

तैयारी

**पक्ष हो या विपक्ष सबने एक मत से स्वीकारा, सपा, भाजपा के नेता समेत अन्य दलों के नेता बोले जनता के चुननें से होंगे विकास कार्य**

# ...तो जनता से चुने जायेंगे ब्लाक प्रमुख व जिला पंचायत अध्यक्ष

अभय प्रताप सिंह, बिल्हौर


सुबोध कटियार।


राजू दुबे।


विनय यादव।


अनिल कटियार।


स्वपनिल वरुण।

- सभी ने कहा जनता के प्रतिनिधि जनता ही चुने

**अमृत विचार।** 2026 के पंचायत चुनाव से पहले जिला पंचायत अध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख का चुनाव जनता से कराए जाने की सुगबुगाहट तेज हो गई है। उत्तर प्रदेश में जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख के चुनाव अब सीधे जनता द्वारा कराए जाने की तैयारी चल रही है। अगर ऐसा होता है तो यह एक बड़ा बदलाव होगा। वर्तमान में ब्लाक प्रमुख व जिलापंचायत अध्यक्ष कानिर्वाचन क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत के निर्वाचित सदस्यों द्वारा किया जाता है। इस कदम से ग्रामीण लोकतंत्र में जनता की सीधी भागीदारी बढ़ेगी और स्थानीय स्तर पर नेताओं की जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। इस मामले में तमाम दलों के तमाम नेताओं ने अपनी अपनी राय दी।

कानपुर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा नेता देवेन्द्र कटियार ने बताया कि सरकार के इस निर्णय में वो दिल खोलकर साथ में हैं। उन्होंने कहा कि मैं सरकार के इस निर्णय का व्यक्तिगत रूप से भी समर्थन करता हूं।

बिल्हौर ब्लाक से ब्लाक प्रमुख रहे सुबोध कटियार ने बताया कि पंचायती राज व्यवस्था के अन्तर्गत इस चुनावी प्रकिया को जनता से कराए जाने पर एक साफ सुथरी राजनिति का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि वे खुलकर सरकार के निर्णय के साथ हैं।

ककवन ब्लाक के भाजपा नेता राजू दुबे ने बताया कि चुनाव यदि जनता द्वारा होता है तो निश्चित ही इसका लाभ जनता को ही मिलेगा । साथ ही उन्होंने कहा कि जनता के द्वारा चुनाव होने से नेताओं की खरीद फरोख्त बंद हो जाएगी।

सपा से ब्लाक प्रमुख रहे सपा नेता अनिल कटियार ने बताया कि यह सरकार बेहद ही सराहनीय निर्णय होगा। सरकार का ब्लैकमेलिंग की राजनिति का भी खात्मा होगा और क्षेत्र में साफ सुथरी राजनिति की शुरूआत होगी। जनप्रतिनिधि स्वंय के विवेक से विकास कार्य भी करा सकेगें। उन्होंने कहा कि विपक्ष में होने के बाद भी सरकार के इस निर्णय का समर्थन करेगें।

बिल्हौर ब्लाक से सपा के विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने बताया कि यह सरकार का बेहद ही शानदार निर्णय होगा। यदि जनता के द्वारा दोनों सदनों के अध्यक्षों का चयन कराया जाएगा तो चुनाव में फिजूल खर्चो पर रोक लगेगी और जनता को उसका सीधा लाभ मिल सकेगा। इसके साथ ही ग्रामीण इलाकों में विकास के लिए किए गए वादे को पूरा करने के लिए पर्याप्त रूप से मौका भी जनप्रतिनिधि को मिल सकेगा।

कानपुर जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरूण का कहना है कि सरकार के द्वारा यदि जनता से चुनाव कराए जाने की प्रक्रिया अपनाई जाती है तो यह बेहद सराहनीय कदम होगा। सरकार यदि इस तरह का कोई भी प्रस्ताव पारित करती है तो हम उसका स्वागत करेंगे। लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है इसलिए अपना प्रतिनिधि चुनने का आधिकार भी जनता को मिलना चाहिये।

### क्या है वर्तमान व्यवस्था?

- अभी तक, उत्तर प्रदेश में ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सदस्यों का चुनाव सीधे जनता करती है। लेकिन, जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख के चुनाव में जनता की सीधी भूमिका नहीं होती थी। इन पदों के लिए जिला पंचायत सदस्य और क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) मतदान करते थे, जिनका चुनाव जनता पहले ही कर चुकी होती है। इस अप्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली में अक्सर खरीद-फरोख्त और दलबदल के आरोप लगते रहे हैं, जिसमें धनबल और बाहुबल का प्रभाव देखा जाता था।

### परिसीमन और आगामी चुनाव

- त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी शुरू हो चुकी है। शासन ने ग्राम पंचायतों का परिसीमन करने का निर्देश दिया है। पिछला त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अप्रैल-मई 2021 में हुआ था। कार्यकाल समाप्त होने में लगभग एक वर्ष का समय बचा है, लेकिन कार्यकाल समाप्त होने के छह माह पहले चुनाव कराना होता है। ऐसे में चुनाव कराने को लेकर शासन से लेकर निर्वाचन आयोग तक ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

### क्यों हो रहा है बदलाव?

उत्तर प्रदेश सरकार का मानना है कि जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख का चुनाव सीधे जनता से कराने से कई फायदे होंगे

- **लोकतंत्र का सशक्तिकरण:** इससे स्थानीय स्तर पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सीधे जनता से जुड़ेगी।
- **जवाबदेही में वृद्धि:** सीधे चुने गए नेताओं को जनता का स्पष्ट जनादेश प्राप्त होगा, जिससे उनकी जवाबदेही बढ़ेगी।
- **सत्ता का विकेंद्रीकरण:** सत्ता कुछ चुनिंदा सदस्यों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि वास्तविक जन प्रतिनिधि उभरेंगे।
- **भ्रष्टाचार पर अंकुश:** अप्रत्यक्ष चुनाव में होने वाली खरीद-फरोख्त और दलबदल की संभावना कम होगी।

### सरकार की तैयारी

उत्तर प्रदेश सरकार इस ऐतिहासिक बदलाव के प्रस्ताव को लगभग अंतिम रूप दे चुकी है। जल्द ही इसे औपचारिक रूप से केंद्र सरकार के पास भेजा जाएगा। यदि केंद्र से मंजूरी मिलती है, तो संभावना है कि अगला पंचायत चुनाव नई प्रणाली से हो।

उ०प्र० सरकार का उपक्रम
**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
विद्युत वितरण मण्डल,
दक्षिणांचल विद्युत वितरण नि0 लि0
कन्नौज (उ0प्र0)
CIN: U31200UP2003SGC027460
Email: se.kannauj@dvvnl.org

**प्रेस विज्ञप्ति**

मा0 उ0प्र0 विद्युत नियामक आयोग, लखनऊ द्वारा निर्गत उपभोक्ता व्यथा निवारण फोरम नियमावली-2022 के अनुपालन में दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0, आगरा के अधीन कार्यालय विद्युत वितरण मण्डल कन्नौज में उपभोक्ता व्यथा निवारण फोरम में रिक्त पद को भरने के लिए स्वतंत्र सदस्य हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित की जाती है ।

**आयोग द्वारा नामित किया जाने वाला एक स्वतंत्र सदस्य**

**योग्यतायें-**
- मंडल क्षेत्र का उपभोक्ता जो कम से कम स्नातक हो ।
- उम्र 65 वर्ष से कम होनी चाहिए ।
- एक ऐसा व्यक्ति होगा, जो सिविल सेवा में हो अथवा रहा हो जो कि एडीएम के पद से नीचे ना हो ।
- मौजूदा श्रेणी के तहत पिछले तीन वर्षो से लगातार उपभोक्ता रहा हो, अच्छा पूर्ववृत्त होना चाहिए और जिस पर कोई विद्युत बिल बकाया न हो ।

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

पत्रांकः- 1179 /वि0वि0मं0(क0)/2025-26/ई0-3/विज्ञापन
दिनांक- 30.05.2025

(अभिषेक सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता



घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार



घटना स्थल की जानकारी देता युवक।



थाना परिसर में खड़ा गारा मशीन जुड़ा ट्रैक्टर।

# भट्ठे पर दौड़ाया ट्रैक्टर, दो मासूमों की मौत

## सट्टी के गिरधरपुर ईंट भट्ठा परिसर में खेल रहे थे मौसेरे भाई, जालौन से यहां ईंट पाथने आए थे दोनों के परिवार

संवाददाता राजपुर (कानपुर देहात)

**अमृत विचार।** गिरधरपुर गांव स्थित ईंट भट्ठे में पथाई के लिए गीली मिट्टी डाल रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने परिसर में खेल रहे दो मासूम बच्चों को कुचल दिया। परिजन दोनों को पुखरायां सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने बच्चों को मृत घोषित कर दिया। मृतक बच्चे मौसेरे भाई थे। पुलिस ने ट्रैक्टर को चालक समेत हिरासत में ले लिया। परिजनों ने चालक पर लापरवाही से ट्रैक्टर चलाने का आरोप लगाया है।

जनपद जालौन के कदौरा थाना क्षेत्र के बागी गांव निवासी महेश्वरी दीन अपने साढ़ू कदौरा क्षेत्र के जलालपुर निवासी मूलचंद्र के साथ सट्टी थाना क्षेत्र के गिरधरपुर गांव स्थित एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। रविवार सुबह वह भट्ठे पर ईंट पथाई कर रहा था। उसकी पत्नी मंजू व पूनम झुग्गी में खाना पका रही थी। महेश्वरी दीन का एक वर्षीय बेटा राजदीप अपने मौसेरे भाई कृष्णा डेढ़ वर्ष पुत्र मूलचंद्र के साथ भट्ठा परिसर में खेल रहा था। इसी दौरान वहां एक गारा मशीन से जुड़े तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने दोनों बच्चों को कुचल दिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल दोनों बच्चों को परिजन निजी अस्पताल से पुखरायां सीएचसी ले गए। जहां डॉ. राजवीर सिंह ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद भाग रहे ट्रैक्टर चालक को भट्ठा मजदूरों ने पकड़कर पुलिस को सूचना दी। सट्टी प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और चालक को ट्रैक्टर सहित हिरासत में ले लिया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि चालक द्वारा लापरवाही से ट्रैक्टर चलाने पर हादसा हुआ है। प्रभारी निरीक्षक संजेश कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के लिए शव भेजे गए हैं।



राजदीप



कृष्णा

> घटना के बाद चालक संभल जनपद निवासी बिलाल को ट्रैक्टर सहित हिरासत में लिया गया है। परिजनों द्वारा तहरीर दिए जाने के बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।
>
> –संजय सिंह, क्षेत्राधिकारी भोगनीपुर

### मौसरे भाइयों की मौत से कोहराम

महेश्वरी दीन की पत्नी मंजू व मूलचंद्र की पत्नी पूनम सगी बहनें हैं। दोनों अपने परिवार के साथ भट्ठा पर ईंट पथाई का काम करतीं हैं। मंजू के दो बेटे रियांश (10) व राजदीप (1) थे। घटना में राजदीप की मौत होने से बड़ा भाई रियांश मां से लिपटकर बिलखता रहा। इधर पूनम के दो बेटे हितेश (8) व डेढ का कृष्णा था। दोनों सगी बहनें अपना एक-एक बेटा खोने पर बिलखती रहीं।

### ईयरफोन लगाकर ट्रैक्टर चला रहा था चालक

घटना में जान गंवाने वाले दोनों बच्चों की रिश्ते की नानी कौशल्या घटना के बाद बिलखती रहीं। कौशल्या ने बताया कि ट्रैक्टर चालक कान में ईयरफोन लगाकर गाने सुनते हुए लापरवाही से ट्रैक्टर चला रहा था। भट्ठा परिसर में कई जगह उसने गारा मशीन से जुड़े ट्रैक्टर से गीली मिट्टी डाली। उसके बाद जहां पर बच्चे खेल रहे थे। वहां तेजी से चालक ट्रैक्टर लेकर जा रहा था। उसने कई बार ट्रैक्टर चालक को आवाज लगाई थी, लेकिन वह लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए बच्चों को कुचल दिया। जिसके कारण बच्चों की जान गई है।

# प्रेमिका के सामने फांसी के फंदे से लटकर मौत को लगाया गले

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** कथित प्रेमिका के साथ आए एक युवक ने गजनेर थाना क्षेत्र के त्रिवेदिनपुर गांव के पास आम के पेड़ से फंदा लगा जान दे दी। प्रेमिका ने घटना की जानकारी उसके परिजनों को दी। पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की।

कानपुर नगर के रेउना थाना क्षेत्र के अजगरपुर गांव निवासी बलवीर केवट (23) हरियाणा के गुड़गांव में प्राइवेट नौकरी करता था। उसकी बुआ की लड़की की ससुराल हमीरपुर जनपद के एक गांव में है। उसका वहां आना-जाना था। जिसके चलते वहीं की रहने वाली एक लड़की से उसकी दोस्ती हो गई थी। बलवीर शनिवार को अपने गांव पहुंचा और लड़की को लेकर गजनेर थाना क्षेत्र के त्रिवेदिनपुर गांव के पास आ गया। यहां देर रात बलवीर ने संदिग्ध हालात में बाग में खड़े आम के पेड़ से फंदा लगाकर जान दे दी। लड़की ने इसकी सूचना मृतक के दोस्त मनोज को फोन पर दी। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और बेटे का शव देख कर कोहराम मच गया। बेटे की मौत से मां माया बदहवाश हो गई। जबकि बहन सावित्री आदि का रो-रो कर बुरा हाल रहा। पिता की सूचना पर पामा चौकी प्रभारी अमरेंद्र प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे व घटनास्थल पर मौजूद उसकी प्रेमिका से पूछताछ की। वहीं फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य संकलित कराए। इसके बाद शव का पंचायतनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गजनेर थाना प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया प्रेमिका को लेकर आने के बाद युवक के फंदा लगाने वाली बात पर छानबीन हो रही है।



अकबरपुर पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद मृतक के गमगीन परिजन। अमृत विचार

### प्रेमी लगाता रहा फंदा, देखती रही प्रेमिका

प्रेम में साथ जीने मरने की कसम खाने वाली कहावत गजनेर में हुई घटना में गलत साबित हो गई। कथित प्रेमिका के साथ आए प्रेमी ने आम के एक पेड़ से फंदा लगा लिया और प्रेमिका तब तक देखती रही। जब तक उसकी जान नहीं चली गई। इस घटना से आस-पड़ोस के लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### बाइक के सहारे फंदे पर झूला

प्रेमिका के साथ त्रिवेदिनपुरवा गांव के पास आए युवक के बाबत स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों बाइक से देर शाम आए थे, लेकिन उन्हें युवक द्वारा इस तरह का कदम उठाने के बाबत कोई अंदेशा नहीं था। रविवार सुबह युवक आम के पेड़ पर फंदे से लटक रहा था। उसके ठीक नीचे बाइक खड़ी थी। जिससे संभावना है कि युवक ने बाइक पर खड़े होकर फंदा लगाया है।

# आरोग्य मेले में, खांसी-बुखार के पहुंचे मरीज

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- भीषण गर्मी में मरीजों की संख्या में लगातार हो रहा इजाफा सावधानी की सलाह

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के चलते स्वास्थ्य केंद्रों में त्वचा, बुखार व पेट संबंधी बीमारियों के मरीजों का खासा इजाफा हुआ है। रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य में त्वचा, बुखार व पेट के पांच सैकड़ा से अधिक मरीज पहुंचे। जिनका परीक्षण कर दवा दी गई। वहीं अधिकारियों ने मेलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची।

रविवार को जिले के 29 ग्रामीण व एक शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी केंद्रों पर कुल 1844 मरीजों का उपचार किया गया। जिनमे त्वचा रोग के 203, बुखार 174 व पेट संबंधी 134 मरीज पहुंचे। सभी को परामर्श व परीक्षण के बाद दवा दी गई। वहीं 836 लोगों का कोविड हेल्प डेस्क पर परीक्षण किया गया। हालांकि कोई पॉजिटिव नहीं मिला। सीएमओ डॉ. एके सिंह ने रनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बदलते मौसम में आने वाले मरीजों की समुचित जांच कर दवा देने के निर्देश दिए। सीएमओ ने बताया कि गर्मी से बचाव जरूरी है। तेज धूप में निकलने के कारण त्वचा संबंधी बीमारियां पनप रही हैं। खानपान में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। बाजार में बिकने वाले के खुले खाद्य पदार्थ कतई न खाएं और नींबू पानी व अन्य ठंडे पदार्थों का सेवन करते रहें। ताकि पेट संबंधी रोगों से बचा जा सके। बीमार होने परे तुरंत डॉक्टर से दवा लें। वहीं डिप्टी सीएमओ डॉ. डीके सिंह ने पीएचसी पुखरायां, रूरगांव, अमरौधा, राजपुर व डिप्टी डॉ. आशीष बाजपेयी ने पीएचसी शिवली, औनहां व कहिंजरी का निरीक्षण कर निर्देश दिए।



आरोग्य मेले का निरीक्षण करते डिप्टी सीएमओ डॉ. आशीष बाजपेयी। अमृत विचार

# प्रतिबंधित पशुओं की नहीं दी जाए कुर्बानी

संवाददाता, पुखरायां

**अमृत विचार।** भोगनीपुर कोतवाली में आगामी त्योहारों के चलते पीस कमेटी की हुई। एसडीएम भोगनीपुर जितेंद्र कटियार ने कहा कि खुले में कुर्बानी नहीं दी जाएगी। साथ ही सड़क पर नमाज व प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं होगी।

लोगों ने कहा कि नमाज के समय विद्युत आपूर्ति बनी रहे तथा नमाज के समय गंदे जानवरों को बंद रखा जाए। क्षेत्राधिकारी भोगनीपुर संजय कुमार सिंह ने कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनना चाहिए। किसी तरह की कोई भी अफवाह नहीं फैलनी चाहिए। इस मौके पर भोगनीपुर कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह, चौकी इंचार्ज पुखरायां शोभित कटियार, चौकी इंचार्ज अमरौधा सूर्य प्रताप सिंह, चौकी इंचार्ज देवीपुर अनूप कुमार पांडेय सहित नगर पालिका पुखरायां व नगर पंचायत अमरौधा के कर्मचारी मौजूद रहे।



पीस कमेटी की बैठक करते एसडीएम जितेंद्र कटियार व सीओ संजय कुमार।

## सार-संक्षेप



किसानों को जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक।

### कृषि वैज्ञानिकों ने खरीफ फसलों की दी जानकारी

**कानपुर देहात।** शासन के निर्देशों के क्रम में विकसित कृषि संकल्प अभियान के चौथे दिन विकासखंड झींझक के नौ ग्रामों में वैज्ञानिकों की तीन टीमों ने किसानों को प्रशिक्षण दिया। उप कृषि निदेशक रामबचन राम ने बताया कि रविवार को झींझक ब्लाक के किशौरा, नहिली, मालगांव, करियाझाला, रामपुर टप्पेवान, जगदीशपुर, मनकापुर, सिकहिला और परहौली में वैज्ञानिकों की गठित तीन टीमों द्वारा तीन-तीन ग्रामों में प्रशिक्षण दिया गया। टीमों में कृषि गठित विज्ञान केंद्र दलीप नगर के वैज्ञानिक डॉ. खलील खान, डॉ. राजेश राय, डॉ. अरुण कुमार, भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान कानपुर के वैज्ञानिक डॉ. उमा शाह, डॉ. अंतरा दास, डॉ. एके श्रीवास्तव, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. वैभव कुमार, डॉ. मीना राठौर, मोहम्मद हसीम समेत क्षेत्रीय अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे। किसानों को खरीफ फसल धान, ज्वार, बाजरा, उर्द, मूंग व तिल की खेती से संबंधित तकनीकी जानकारी और शासन द्वारा किसानों के हित में संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। एडीओ (कृषि) झींझक बालकृष्ण ने राजकीय कृषि बीज भंडार पर उपलब्ध बीजों पर सब्सिडी के बारे में बताया। वहीं गोष्ठी में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में एचडीएफसी ईगो जनरल इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि ने जानकारी दी।

### मुंगीसापुर में गश खाकर गिरी महिला, मौत

**सिकंदरा।** थाना क्षेत्र के मुंगीसापुर के पास कानपुर-इटावा नेशनल हाइवे के पशु बाजार किनारे रविवार की दोपहर मे वाहन के इंतजार मे अपने पति के साथ खडी महिला की गश खाकर जमीन पर गिरने से मौत हो गई। भोगनीपुर के रनियां पिलखनी गांव निवासी मानसिंह ने बताया कि मृतक पत्नी रामवती (58) बीमार चल रही थी। उनका उपचार मुंगीसापुर में निजी चिकित्सक से कराकर घर जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा था। तभी पत्नी गश खाकर जमीन पर गिर गई और मौत हो गई। सिकंदरा थाना प्रभारी हरिओम त्रिपाठी ने बताया कि सूचना पर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता सच्ची सीख देती है

**शिवली।** क्षेत्र के रैपालपुर गांव स्थित छिद्र बाबा आश्रम में चल रही सप्तदिवसिय कथा के अंतिम दिवस सुदामा चरित्र की कथा का रसपान करवाया गया। कथा व्यास पंडित महेश चंद्र बाजपेई ने बताया कि सुदामा और कृष्ण की कथा भारत की लोकप्रिय धार्मिक कथाओं में से एक है। यह कहानी सच्ची मित्रता और भगवान की कृपा पर आधारित है। सुदामा और कृष्ण बचपन के दोस्त थे और उन्होंने गुरुकुल में एक साथ शिक्षा ग्रहण की थी। गरीबी और कष्ट में रहने के बावजूद सुदामा कृष्ण से मिलने जाते है तो भगवान कृष्ण नंगे पांव दौड़ते हुए सुदामा को गले लगाकर उनके पैर धोते हैं। वह मित्र को उनकी गरीबी का एहसास नहीं होते देते हैं। सुदामा जब वापस जाते हैं तो अपने मित्र से मदद की कुछ भी अभिलाषा नहीं रखते हैं, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने अपने मित्र की उनकी अंजाने में बहुत बड़ी मदद कर दी। यह तो सुदामा जब अपने ग्राम पहुंचे, तब जान पाए कि वाह मित्र तुमने तो बिना मांगे ही सब कुछ दे दिया, लेकिन आज की मित्रता में सिर्फ स्वार्थ रह गया है। मित्रता की मिशाल आज भी सुदामा कृष्ण की ही दी जाती है। इस दौरान आचार्य अभिषेक, पुष्पेंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

### श्रीठाकुर जी बाबा मंदिर पर हुआ भंडारा

**मंगलपुर।** क्षेत्र के भंदेमऊ गांव में श्रीठाकुर जी बाबा मंदिर पर श्री रामचरितमानस पाठ के समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों गांव से आए भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और मंदिर में माथा टेका। इस मौके पर रविंद्र सिंह, मुन्नू सिंह, रामू गुप्ता, शीबू भदौरिया, संदीप समेत बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# 9 इंस्पेक्टर व 7 उपनिरीक्षकों की तैनाती में किया फेरबदल

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- सिठमरा चौकी प्रभारी लाइन हाजिर, कार्यभार लेने के निर्देश

**अमृत विचार।** जनपद में बेहतर कानून व्यवस्था के लिए एसपी ने नौ इंस्पेक्टर व 7 उपनिरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल किया है। सभी को तत्काल स्थानांतरित जगहों पर कार्यभार लेने के निर्देश दिए गए हैं।

एसपी अरविंद मिश्र ने बताया कि प्रभारी स्पेशल टीम अमरेंद्र बहादुर सिंह को भोगनीपुर कोतवाल, प्रभारी निरीक्षक भोगनीपुर अंजन कुमार सिंह को प्रभारी निरीक्षक थाना एएचटी, थाना प्रभारी रनियां मुकेश कुमार सोलंकी को शिवली कोतवाल, प्रभारी निरीक्षक शिवली हरमीत सिंह को प्रभारी निरीक्षक थाना रसूलाबाद, मंगलपुर थाने में तैनात इंस्पेक्टर दिलीप कुमार बिंद को प्रभारी निरीक्षक थाना मंगलपुर, प्रभारी निरीक्षक थाना मंगलपुर संजय कुमार गुप्ता को प्रभारी निरीक्षक थाना रनियां, प्रभारी निरीक्षक थाना अमराहट सुरजीत सिंह को प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम, प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम अब्दुल कलाम को थाना एएचटी, पुलिस लाइन में तैनात इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह को अपराधा शाखा, प्रभारी एएचटी एसआई दिनेश गौतम को थाना एएचटी, चौकी प्रभारी मुंगीसापुर राहुल कुमार को थाना प्रभारी अमराहट, रूरा थाना के एसआई रजनीश कुमार को चौकी प्रभारी सिठमरा, चौकी प्रभारी सिठमरा अभिनेष कुमार को पुलिस लाइन, पुलिस लाइन से एसआई राजेंद्र सिंह को चौकी प्रभारी मुंगीसापुर, चौकी प्रभारी कंचौसी आनंद वीर सोलंकी को थाना गजनेर व थाना अमराहट से एसआई रामपुत्र को चौकी प्रभारी कंचौसी भेजा गया है।

# किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी को भेजा जेल

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक कस्बे की किशोरी के साथ युवक ने छेड़छाड़ की। पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

राजपुर थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी युवक ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि बीती 30 मई की शाम उसकी 15 वर्षीय बेटी घर से कुछ दूरी पर मजार गई थी। इसी दौरान रास्ते में मोहल्ले के गोपाल ने बेटी को बुरी नियत से पकड़कर उसके साथ छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर पड़ोसी पहुंचे तो गोपाल धमकी देते हुए भाग निकला। बेटी ने घर आकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने छेड़छाड़ व पॉक्सो की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की थी। थानाध्यक्ष कालीचरन कुशवाहा ने बताया कि रविवार को आरोपी को चौराहे से गिरफ्तार किया गया है।



आरोपी गोपाल।

# प्रोजेक्ट नई किरण में पांच मामलों में समझौता

**कानपुर देहात।** पुलिस लाइन स्थित सभागार में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरुआत एसपी अरविंद मिश्र की अध्यक्षता में की गई। सुनवाई के लिए 42 मामले आए। जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद पांच परिवारों में आपसी सुलह के आधार पर समझौता करा दिया गया। जिसपर पति-पत्नी साथ रहने को तैयार हो गए। शेष प्रार्थना पत्रों में सुनवाई के लिए आगे की तिथि दी गई। इस दौरान महिला थानाध्यक्ष सुषमा, पुलिस कर्मी राममूर्ति यादव, प्रियंका गुप्ता, स्फूर्ति, आरती, रागिनी, नई किरण सदस्य पूनम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**अव्यवस्था** गांव में दो लोगों की पहले हो चुकी मौत, नहीं पहुंची स्वास्थ्य टीम

# जरहौली में संक्रामक बीमारी का प्रकोप

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के जरहौली गांव में संक्रामक बीमारी ने पांव पसारे हैं। गांव में उल्टी-दस्त व बुखार से करीब 35 लोग पीड़ित हैं। इसके बावजूद गांव में अभी तक स्वास्थ्य टीम नहीं पहुंची है। जिससे लोग निजी अस्पतालों में इलाज कराने को मजबूर हैं। लोगों का कहना है कि बीमारी के चलते अब तक दो लोगों की मौत भी हो चुकी है।

भीषण गर्मी व गंदगी के चलते जरहौली गांव में संक्रामक रोगों ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। जिसके चलते बुखार व उल्टी-दस्त से गांव के पियूष (5), वंदना (18), प्रांशी (2), दिव्या (7), प्रहलाद (60), उनकी पत्नी गिरजा (55), संजीवनी, कांति, अभिनेंद्र, निधि, हरिश्चंद्र, मधु सिंह सहित दर्जनों लोग बीमार हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दिनों गांव के हरभजन सिंह की पत्नी प्रेम देवी को उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद मेडिकल कालेज ले जाया गया। जहां से उन्हें कानपुर हैलट रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में ही महिला की मौत हो गई। 15 दिन पहले श्यामलाल (65) की भी इसी तरह के लक्षणों के चलते मौत हो चुकी है। बीमारियों का प्रकोप होने के बावजूद स्वास्थ्य टीम अभी तक गांव नहीं आई है। लोग निजी व झोलाछाप से इलाज कराने को मजबूर हो रहे हैं। लोगों ने बिजली विभाग पर भी नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि पिछले एक सप्ताह से गांव में बिजली की आपूर्ति बाधित है। जिससे लोगों को दिक्कत उठानी पड़ रही है। मामले में झींझक चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दीपक गुप्ता ने बताया कि जरहौली में बीमारी फैलने की जानकारी नहीं है। सोमवार को गांव में टीम भेजकर मरीजों का उपचार कराया जाएगा।



जरहौली में बीमार बच्चे का इस तरह हो रहा इलाज। अमृत विचार



बुखार पीड़ित अधेड़। अमृत विचार

# ड्यूटी जा रही महिला की बिगड़ी हालत, गई जान

संवाददाता, शिवली

- परिजनों ने लगाया आरोप पीएम रिपोर्ट से होगा खुलासा

**अमृत विचार।** कानपुर के दादानगर में फुटवियर फैक्ट्री में काम करने जा रही महिला की अचानक रास्ते में हालत बिगड़ते से एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पुलिस ने छानबीन की है।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के दुंदपुर बाघपुर गांव निवासी गीता (37) कानपुर के दादानगर स्थित फुटवियर कंपनी में काम करती थी। शनिवार की सुबह वह गांव के युवक के साथ बाइक से दादानगर जा रही थी। तभी रास्ते में हालत बिगड गई। जिसपर उन्हें कल्यानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार की सुबह महिला की मौत हो गई। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया और पुत्र पुष्पेंद्र, आदित्य, पुत्री सोनम आदि का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। लोगों मुताबिक शव जब गांव आया तो परिजनों ने हत्या का आरोप भी लगाया है। इधर मृतक महिला के बड़े बेटे ने पुलिस को लिखित तहरीर में बताया कि उसकी मां फुटवियर कंपनी दादानगर में काम करती थी। रविवार को वह गांव के बलवीर सिंह यादव के घर उन्हें ड्यूटी जाने के लिए छोड़ आया था। बाद में उसे सूचना मिली कि उसकी मां का पनकी पावर हाउस नहर के पास एक्सीडेंट हो गया और वह कल्यानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं। वह मौके पर गया तो देखा कि मां की मौत हो गई है। बाघपुर चौकी प्रभारी प्रवीण मिश्रा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट होगा।

